रोहतक

सोमवार 16 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 13

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम

अधि. 28.5

न्यून. 12.0

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नूंह स्थित नल्हड़ेश्वर मंदिर में शिवलिंग पर विधि-विधान से जलाभिषेक किया। 2






## खबर संक्षेप

### चार नए यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे



**केप कैनावेरल।** स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण समय से पहले धरती पर वापस लाए गए साथियों की जगह लेने के लिए चार नए अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गए हैं। स्पेसएक्स ने शनिवार को अमेरिकी, फ्रांसीसी और रूसी अंतरिक्ष यात्रियों के दल को केप कैनावेरल से रवाना किया। *भाषा*

### सीएम मान की तबीयत बिगड़ी, मोहाली लाए गए



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। वह संगरूर में आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य राजिंदर गुप्ता के साथ थे। उन्हें एयरलिफ्ट कर मोहाली स्थित फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। *भाषा*

### देश की 'पहली किन्नर' शंकराचार्य का पट्टाभिषेक



**भोपाल।** महाशिवरात्रि पर भोपाल में किन्नर धर्म सम्मेलन आयोजित हुआ। आयोजन में देश की पहली किन्नर शंकराचार्य के रूप में हिमांगी सखी का पट्टाभिषेक किया गया। हिमांगी सखी मां वैष्णो किन्नर अखाड़ा की प्रमुख हैं। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राजस्थान के पुष्कर पीठ का चयन देश की पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ के रूप में किया गया है। *एजेंसी*

### दिल्ली : कारोबारी की हत्या में पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बाहरी इलाके में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में हाल ही में 35 वर्षीय व्यवसायी की हत्या के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि हत्या एक लूट की साजिश का हिस्सा थी, जबकि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के नाम पर वारदात की जिम्मेदारी लेने वाले सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक पोस्ट की जांच अभी जारी है। *भाषा*

### कैलिफोर्निया में लापता छात्र साकेत का शव मिला



**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में छह दिन से लापता भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया (22) का शव बर्कले पुलिस ने बरामद कर लिया है। साकेत आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र थे और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में मास्टर्स कर रहे थे। वह 9 फरवरी से लापता थे और उनका बैग टिल्डन पार्क के पास मिला था। *एजेंसी*

---

एक न्यूज एजेंसी के साथ साक्षात्कार में मोदी बोले

# निवेश के मौके बढ़ रहे, रोजगार भी बढ़ेंगे

**पीएम बोले-38 देशों के साथ अपनी शर्तों पर डील कर रहे | बजट मजबूरी का फैसला नहीं हम तैयार हैं वाला क्षण था | विकसित भारत में महिलाओं की सबसे बड़ी भूमिका होगी**

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि इस साल का बजट मजबूरी के कारण पैदा हुआ अभी नहीं तो कभी नहीं वाला पल नहीं था, बल्कि तैयारी और प्रेरणा से उपजा हम तैयार हैं वाला क्षण था। यह बजट एक विकसित राष्ट्र बनने की भारत की प्रबल इच्छा को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक ताकत और स्थिर नीतियों से भारत अपनी शर्तों पर समझौते कर पा रहा है। भारत 38 देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर काम कर रहा है। एफटीए से टेक्सटाइल, लेदर और एमएसएमई को नए बाजार और ज्यादा निर्यात के मौके मिलेंगे। देश में निवेश के मौके बढ़ रहे हैं। रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मोदी ने एक न्यूज एजेंसी के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा कि उनकी सरकार का कोई भी बजट सामान्य 'बही खाता' दस्तावेज तैयार करने की मानसिकता से नहीं बनाया गया, क्योंकि यह हमारा दृष्टिकोण नहीं है। आज हमारे राष्ट्र में एक नया आत्मविश्वास पैदा हुआ है।

**मजबूत मैन्युफैक्चरिंग व एमएसएमई ने भारत को वैश्विक व्यापार वार्ताओं में ताकत दी**



**यूपीए सरकार के दौर में आर्थिक कुप्रबंधन की वजह से भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर आत्मविश्वास के साथ बातचीत नहीं कर पाता था**

#### भारत के लिए नए द्वार खुल रहे

- यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने तय कर लिया है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में विकास के अगले चरण में प्रवेश करने के लिए तैयार है और क्या यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है, मोदी ने कहा कि महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था भारत के लिए नए द्वार खोल रही है, जिसमें देश व्यापार और नवाचार में नई दिल्ली के साथ साझेदारी करने के लिए उत्सुक हैं।
- हमारे पास एक युवा और कुशल आबादी है और हम कम मुद्रास्फीति और व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ मजबूत विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे युवा अंतरिक्ष, खेल और स्टार्टअप जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। हमने राजनीतिक स्थिरता और सुधार-केंद्रित नीतियां सुनिश्चित की हैं।

#### इंटरव्यू की मुख्य बातें...

- यह बजट सुधारों की रफ्तार बढ़ाएगा। युवाओं को बदलती दुनिया के लिए तैयार करेगा। इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार इन्वेस्टमेंट और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से देश की संभावित ग्रोथ 7% तक हो सकती है।
- सरकार देश की डिफेंस फोर्सेज को मजबूत बनाने के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेगी। डिफेंस बजट में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण सरकार की जिम्मेदारी है।
- भारत को हर समय मजबूत और तैयार रहना होगा, और हम यही कर रहे हैं। सरकार अपने सैनिकों की भलाई को लेकर बहुत सेंसिटिव है।
- सुधार सरकार का कमिटमेंट है, जिसे उसने पूरी तरह से दिखाया है। आर्थिक बदलाव के अगले फेज के लिए प्राइवेट सेक्टर बहुत जरूरी है। प्राइवेट सेक्टर को मार्जिन बचाने पर कम ध्यान देना चाहिए व आरएंडडी सप्लाई चेन, क्वालिटी में तेजी से इन्वेस्ट करना चाहिए।

(संबंधित पैकेज पेज 5 पर)

---

# पाक पर ईशानदार विजय



*टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में रनों के लिहाज से टीम इंडिया की बड़ी जीत। लगातार 3 जीत के साथ अंक तालिका में टॉप पर भारत। देशभर में जश्न।*

**पड़ोसी को 61 रनों से पीट सुपर 8 में पहुंचा भारत**

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान को 61 रन से हराकर सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके। ईशान ने 77 रन की पारी खेली और टीम इंडिया को जीत दिलाई। (पैकेज खेल पेज पर)

भारतीय कप्तान सूर्य कुमार ने फिर पाक कप्तान सलमान के साथ हाथ नहीं मिलाया।

**शाबाश किशन**

| | |
|---|---|
| 40 गेंद | 10 चौके |
| 77 रन | 03 छक्के |

**स्कोर बोर्ड : भारत 175/7, पाकिस्तान 18 ओवर में 114 रन**

---

*समिति के अधिकारी बोले*

### केदारनाथ के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगे

**रुद्रप्रयाग (भाषा)।** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित प्रख्यात केदारनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल में करीब छह माह बंद रहने के बाद श्रद्धालुओं के लिए 22 अप्रैल को पुनः खोल दिए जाएंगे। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा केदार के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में परंपरागत पूजा-अर्चना के बाद धर्माचार्यों और वेदपाठियों ने पंचांग गणना कर मुहूर्त निकाला। केदारनाथ मंदिर के कपाट इस वर्ष 22 अप्रैल को वृष लग्न में सुबह आठ बजे श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे।

- शीतकाल में करीब छह माह बंद रहते हैं पट

*रीजीजू ने दी जानकारी*

### बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान नौ मार्च को



**तवांग (भाषा)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा और उसके बाद मतदान नौ मार्च को होगा। रीजीजू ने कहा कि बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक निर्धारित है। उन्होंने कहा सत्र दिलचस्प होगा क्योंकि कई अहम विधेयक को संसद में चर्चा और पारित होने के लिए पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा, नौ मार्च को लोकसभा में अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। नियम के अनुसार इस पर पहले दिन ही चर्चा होती है। चर्चा के बाद मतदान होगा।

---

**चाकू से गर्दन पर किए कई वार, जेठ के बेटे पर आरोप**

### यमुनानगर : फौजी की पत्नी को गला काटकर मार डाला

**यमुनानगर (हरिभूमि न्यूज)।** गांव भंभोल में शनिवार रात एक युवक ने घर में घुसकर फौजी की पत्नी की चाकू से गला काटकर कर दी। बताया जा रहा है कि महिला अपने पिता की मौत के बाद 7 वर्षीय बेटे के साथ मां के पास रहती थी। उसका पति जम्मू-कश्मीर में फौज में हवलदार के पद पर तैनात है। पुलिस ने मौके से चाकू बरामद कर लिया है। हत्या के आरोप महिला के जेठ के बेटे और उसके एक साथी पर लगे हैं। हालांकि पुलिस ने अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज किया है। भंभोल निवासी 34 वर्षीय मोनिका की शादी दस साल पहले अंबाला के गांव कलरेड़ी निवासी जसबीर सिंह से हुई थी।



मौके से चाकू बरामद, पति जम्मू कश्मीर में है तैनात

*देश के सभी हाई कोर्ट को 'सुप्रीम' निर्देश*

### फरार आरोपियों को अग्रिम जमानत न दें

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वे उन आरोपियों को अग्रिम जमानत न दें जो फरार हो जाते हैं। कोर्ट ने फरार आरोपियों के लिए कहा कि ये ट्रायल पूरा होने पर अपने सह-आरोपियों के बरी होने के बाद गिरफ्तारी से सुरक्षा के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और विजय बिश्नोई की बेंच ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें फरार आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी, उसे सरेंडर करने और रेगुलर बेल के लिए अप्लाई करने का निर्देश दिया गया था।

### तारिक के शपथ समारोह का मोदी को न्योता, जाएंगे बिरला

**17 को बांग्लादेश के पीएम पद की शपथ लेंगे रहमान इसी दिन मोदी फ्रांसीसी राष्ट्रपति से करेंगे मुलाकात**

**ढाका (एजेंसी)।** बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान 17 फरवरी को देश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं को इस समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। हालांकि इसी दिन पीएम मोदी का मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक का कार्यक्रम पहले से तय है। इसलिए बांग्लादेश के नवनिर्वाचित पीएम तारिक के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी रहेंगे। यह जानकारी भारतीय विदेश मंत्रालय ने दी है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि पीएम मोदी बीएनपी अध्यक्ष के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे।



बीएनपी को बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में शानदार जीत मिली

### पलवल में रहस्यमयी बीमारी से 5 बच्चों समेत 12 की जान गई

**पलवल (हरिभूमि न्यूज)।** छांयसा गांव के लोगों में दहशत फैली हुई है। यहां 15 दिन में करीब 12 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 5 स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। ग्रामीणों की मानें तो उनकी समझ नहीं आ रहा है कि मौतें किस वजह से हो रही हैं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि ज्यादातर मौतें हेपेटाइटिस की वजह से हुई हैं। मौतों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, स्वास्थ्य विभाग ने गांव में कैंप लगाकर लोगों के टेस्ट किए और जागरूक किया। इस दौरान, बुखार के कई मरीजों को एम्बुलेंस से नागरिक अस्पताल भी भेजा गया है। गांव की आबादी 5,000 से ज्यादा है। गांव में बुखार भी तेजी से फैल रहा है, जिससे गांव वाले डरे हुए हैं।

- छांयसा गांव के हर घर में कोई न कोई बीमार

#### यह हो सकता है कारण

- कई घरों में गंदे पानी की सप्लाई
- जांच रिपोर्ट में छह घरों के पानी में ई कोलाई बैक्टीरिया मिला
- पांच पानी के सैंपल में भी बैक्टीरिया
- पानी में क्लोरीन की कमी भी सामने आई
- गांव के युवक ड्राइवरी का काम करते हैं। कई ट्रक ड्राइवरों का हेपेटाइटिस टेस्ट पॉजिटिव आया है। शक है कि यह बीमारी खराब खून और ड्रग्स के लिए खराब सुइयों के इस्तेमाल की वजह से हुई

#### ऐसे दिखते हैं लक्षण

ज्यादातर मरीजों में थकान, पीलिया, पेट दर्द, बुखार, खांसी, बदन दर्द और उल्टी जैसे लक्षण मिल रहे हैं। जितनी भी मौत हुईं, उन सभी में यही लक्षण मिले थे।

***छांयसा में लोगों की जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की एक टीम तैनात की गई है। गांव में 400 से अधिक लोगों की जांच की गई है।***

---

लाल किले के बाहर ब्लास्ट मामले में एनआईए का खुलासा

### डॉक्टर्स ने बनाया 'अंसार इंटेरिम' संगठन, 2016 में बने कट्टरपंथी

**नई दिल्ली (भाषा)।** लाल किले के बाहर धमाके की जांच के दौरान सफेदपोश आतंकवादी गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए चिकित्सक 2016 से ही कट्टरपंथी बन चुके थे व उन्होंने आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अंसार इंटेरिम नामक आतंकी संगठन बनाया था। एनआईए ने रविवार को बताया कि 10 नवंबर को लाल किले के बाहर धमाके में इस्तेमाल की गई विस्फोटकों से लदी कार चलाने वाला डॉ. उमर-उन-नबी वर्ष 2016 व 2018 में आतंकी संगठनों से जुड़ा था।

**धमाके में 10 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी**

**8,000 से अधिक 'म्यूल खातों' की पहचान**

सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में 'म्यूल खातों' के लगातार बढ़ते नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों को आशंका है कि इन खातों से भेजे गए धन का उपयोग अलगाववादी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। तीन वर्षों में इस क्षेत्र में संचालित 8,000 से अधिक 'म्यूल खातों' की पहचान की गई है।

## फरवरी में ही 28 डिग्री तक पहुंचा पारा, 16 साल का टूटा रिकॉर्ड

**दिन और रात के तापमान में 16 डिग्री का अंतर आया**

### सीजन का सबसे गर्म दिन रहा रविवार कल से सूबे के हिस्सों में बारिश संभव

**हरियाणा (हरिभूमि टीम )।** फरवरी का दूसरा पखवाड़ा शुरू होते ही मौसम के तेवर गर्म होने लगे हैं। तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। रविवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। 16 वर्षों में ऐसा पहली बार है कि फरवरी के दूसरे सप्ताह में ही तापमान 28 डिग्री को पार कर गया, जबकि रात का तापमान 12 डिग्री के आसपास चल रहा है। इस तरह दिन और रात के तापमान में 16 डिग्री का अंतर आ गया है। यह गेहूं व अन्य फसलों के साथ-साथ आमजन के लिए भी हानिकारक है। अब मौसम विभाग ने 17 व 18 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है।

*यह तापमान गेहूं और अन्य फसलों के साथ-साथ आमजन के लिए भी हानिकारक है। अस्पताल में वायरल बुखार व खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी। इस बार 15 दिन पहले खत्म होती नजर आ रही है सर्दी।*

**दीमक की चपेट में आ सकती है गेहूं की फसल**

#### बढ़ने लगे मरीज

प्रदेश के अस्पतालों में वायरल बुखार व खांसी-जुकाम के मरीजों की तादाद में वृद्धि हुई है। उत्तर पश्चिमी हवाएं फसलों के साथ-साथ मानव शरीर के लिए भी नुकसानदेय हैं। सुबह-शाम और रात के समय ही ठंड का असर बना हुआ है। मौसम के बदलाव से मौसमी बीमारियां पनपने की आशंका बढ़ी है।



#### क्या कहता है मौसम विभाग

इस बार ठंड निर्धारित समय से 15 दिन पहले ही खत्म होती नजर आ रही है। इस बार पहाड़ों पर भी बर्फबारी कम हुई है। यही वजह है कि मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। 17 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण मौसम में बदलाव आने की संभावना है। 17 व 18 फरवरी को आंशिक बादलवाई छाई रहेगी। कहीं-कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। -**डॉ. मदन खीचड़**, विभागाध्यक्ष, एचएयू हिसार मौसम विभाग

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

**चंडीगढ़।** भारतीय सेना में अग्निवीर स्कीम के तहत वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। हरियाणा के छह जिलों अम्बाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरुष अभ्यर्थियों तथा दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की महिला अभ्यर्थियों के लिए, पंजीकरण 13 फरवरी, 2026 से 01 अप्रैल, 2026 तक होगा। सभी योग्य अभ्यर्थी वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि यह भर्ती प्रक्रिया पुरुष वर्ग में अग्निवीर (सामान्य कर्तव्य), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी) और अग्निवीर ट्रेड्समैन दसवीं और आठवीं पास तथा महिला वर्ग में महिला मिलिट्री पुलिस के लिए आयोजित की जा रही है। इस वर्ष से अग्निवीर में भर्ती के लिए पुरुष और महिला अभ्यर्थियों का अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 21 वर्ष से 22 वर्ष कर दिया है।

### युवा कांग्रेस 17 को प्रदर्शन करेगी

**पंचकूला।** हरियाणा युवा कांग्रेस ने 17 फरवरी को हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ऑफिस के सामने प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदर्शन नेतृत्व रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा और भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब करेंगे व अंबाला के सांसद वरुण मुलाना समेत प्रदेश के कई विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुख्य रूप में शामिल होंगे। प्रदर्शन के बारे में युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि बीजेपी सरकार की युवा विरोधी रोजगार नीतियों ने युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

## विकसित सोहना-तावडू विकास रैली में बोले सीएम नायब सैनी

# मेवात की धरती ने साहस, बलिदान और स्वाभिमान की परंपरा को आगे बढ़ाया

## नूंह-सोहना में 47.36 करोड़ रुपये की 16 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**भाजपा सरकार ने पिछले 11 वर्ष में 2200 रुपये पेंशन बढ़ाई**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अरावली की गोद में बसा तावडू क्षेत्र अपने मेहनती, स्वाभिमानी और संघर्षशील लोगों के लिए पूरे प्रदेश में जाना जाता है। मेवात की धरती ने सदैव साहस, बलिदान और स्वाभिमान की परंपरा को आगे बढ़ाया है। सन 1857 की आजादी की प्रथम लड़ाई से लेकर आजादी मिलने तक के संघर्ष में यहां के लोगों ने जो भूमिका निभाई, वह इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। मुख्यमंत्री रविवार को सोहना विधानसभा के तावडू की अनाज मंडी में विकसित सोहना-तावडू विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान उपस्थित जनसमूह को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की बधाई भी दी और कहा कि यह पावन पर्व है हमें लॉर्ड शिवा के दर्शन करने, उनके जीवन दर्शन से जुड़ने का एक अवसर प्रदान करता है। महाशिवरात्रि हमें यह सिखाती है कि जब जीवन में अंधकार बढ़े तब आत्म चिंतन का दीप जलाओ। मुख्यमंत्री ने इससे पहले 47 करोड़ 36 लाख रुपये लागत की 16 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किए। इनमें 21 करोड़ 77 लाख 25 हजार रुपये लागत के 11 उद्घाटन और 25 करोड़ 58 लाख 58 हजार रुपये की लागत के 5 शिलान्यास शामिल हैं। रैली में उमड़ा जनसमूह इस बात का प्रमाण है कि आपका भाजपा सरकार की नीयत, नीति और जन-कल्याणकारी योजनाओं में गहरा विश्वास है। इसी विश्वास के बल पर हरियाणा में भाजपा को लगातार तीसरी बार जनसेवा का अवसर मिला है, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 11 वर्ष में 2200 रुपये पेंशन बढ़ाई है।



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को नूंह के तावडू में आयोजित विकसित सोहना-तावडू महारैली के दौरान किसानी का प्रतीक 'हल' भेंट कर सम्मानित करते हुए साथ में हैं केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, विधायक तेजपाल तंवर व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### पेंशन पर गुमराह करने पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान 3.0 नॉन स्टॉप भाजपा सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास और हर वर्ग के हितों की सुरक्षा के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने पेंशन को लेकर आमजन को गुमराह करने पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। जो लोग आज बयान देते फिर रहे हैं, पहले वो खुद के गिरेबां में झांके कि उनके राज में 6-6 महीनें पेंशन नहीं मिलती थी। बीजेपी सरकार ने पिछले 11 साल में 2200 रुपये पेंशन बढ़ाई है। पेंशन को लेकर बुजुर्गों को किसी प्रकार से चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार ने 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' शुरू की गई है। इस योजना के तहत 2100 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। अब तक 9 लाख 22 हजार से अधिक बहन-बेटियों को 634 करोड़ दिए जा चुके हैं।

### सोहना हलके में विकास कार्यों पर पिछले 11 वर्षों में 1 हजार 515 करोड़ खर्च किए

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोहना हलके के विकास को गति देने के लिए 11 वर्षों के कार्यकाल में 62 सीएम अनाउंसमेंट हुईं। इनमें से 49 का काम पूरा हो चुका और 13 का काम प्रगति पर है। उन्होंने सोहना विधानसभा क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ने इस हलके में विकास कार्यों पर पिछले 11 वर्षों में 1 हजार 515 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। जबकि, कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में मात्र 222 करोड़ रुपये खर्च किये गये थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से 2024 तक सोहना क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा विकास कार्यों पर 285 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है। इसी प्रकार वर्ष 2024 से अब तक इस विभाग द्वारा 5 करोड़ 70 लाख रुपये विकास कार्यों पर खर्च किए गए हैं। इसके अलावा, 407 करोड़ रुपये के काम पाइप लाइन में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 3 सड़कों की विशेष मरम्मत के लिए 12 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। तावडू खण्ड के 54 गांवों में 40 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल के भूमिगत जलाश्यों के निर्माण एवं उनको पाइप लाइन से जोड़ने का काम किया गया है।

### पिछड़ा वर्ग की क्रीमी लेयर आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये किया



मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में जमीनों व सम्पत्तियों का पेपरलेस रजिस्ट्रेशन शुरू किया है। अब रजिस्ट्री का काम पूरी तरह डिजिटल हो गया है। पिछड़ा वर्ग की क्रीमी लेयर आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये किया गया है। गरीबों के सिर पर छत उपलब्ध करवाने के लिए 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत 1 लाख 56 हजार मकान दिये गये हैं। गरीब परिवारों को 'मुख्यमंत्री आवास योजना-शहरी' के तहत 14 शहरों में 15 हजार 765 गरीब परिवारों प्लॉट दिए हैं। 'मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण' के तहत ग्राम पंचायतों में 12 हजार 31 प्लॉट दिए हैं।

## एडीजीपी सीआईडी सौरभ सिंह की माताजी की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सीएम नायब सैनी

# मां शब्द नहीं सृष्टि का आधार: मुख्यमंत्री



**पंचकूला।** आज मनसा देवी परिसर स्थित गोधाम प्रांगण में सौरभ सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक की पूज्य माता स्वर्गीय श्रीमति प्रेम सखी सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अत्यंत दुःख का क्षण है कि पूज्य माता श्रीमती प्रेम सखी सिंह जी अपनी सांसारिक यात्रा सम्पूर्ण कर श्री प्रभु चरणों में विलीन हो गई हैं। परिवार के लिए यह एक अपूर्णीय क्षति है। मानव जीवन में माता का सर्वाधिक महत्व है। मां की ममता अमूल्य है एवं माता के स्नेहमयी आशीर्वाद का कोई विकल्प नहीं है। मां शब्द नहीं सृष्टि का आधार हैए मां मरकर भी अमर है। इस दुःखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। इस अवसर पर एडीजीपी सीआई डी सौरभ सिंह सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेरे लिए यह बेहद भावुक क्षण है। मेरी मां की कमी महसूस न हो इसके लिए आप सभी का संबल हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर पुत्रवधु डॉ. अंजू नेत्र रोग विशेषज्ञ सुपुत्री डॉ. स्वाति सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ चीफ मेडिकल सुपरिंटेडेंट ओफिसर वेस्ट्रन रेलवे मुम्बई और दामाद विवेक रिलायंस समूह में श्रेया पौत्री शुभम पौत्र गौरी नातिन और गीतिका नातिन ने अपने अनुभव और स्मृतियों को साझा किया।


**कार्यालय नगर पालिका बवानीखेड़ा**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी०आई०डी०:- 6HHO56H2 जो श्री हरिकिशन पुत्र श्री रामेश्वर दास के नाम दर्ज है। पी०आई०डी०:- 6HHO56H2 को प्रार्थी विनोद पुत्र श्री हरिकिशन अपने नाम दर्ज करवाना चाहता है। श्री हरिकिशन पुत्र श्री रामेश्वर दास की मृत्यु दिनांक 10.04.2023 को हो चूकी है। तहसीलदार बवानीखेडा की दिनांक 14.01.2026 की वारसान तसदीक अनुसार 1. श्रीमति रामरति पत्नी 2. श्री मुकेश पुत्र 3. श्री नरेश पुत्र 4. श्री विनोद पुत्रान श्री हरिकिशन पुत्र श्री रामेश्वर दास के वारिस है। उक्त प्रोपर्टी 6HHO56H2 को श्री विनोद पुत्र श्री हरिकिशन के नाम दर्ज किये जाने बारे यदि किसी को कोई दावा / आपति है तो 30 दिन के अन्दर-अन्दर अपना दावा/आपति पूर्ण दस्तावेज के साथ नगरपालिका बवानीखेडा में देवें अन्यथा म्याद गुजरने उपरांत उपरोक्त प्रोपर्टी बारे नगरपालिका कार्यालय द्वारा आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिसकी नगरपालिका की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/- सचिव
नगरपालिका, बवानीखेड़ा


## आवारा कुत्तों की संख्या शहरी निकायों के लिए चुनौती

# प्रदेश के कई शहरों में आवारा कुत्तों का आतंक, लोगों में भय

### गुरुग्राम और फरीदाबाद में संख्या सबसे ज्यादा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

आवारा कुत्तों और उनके आंतक का मामला भले ही सुप्रीम कोर्ट तक चला गया हो लेकिन सूबे के कई शहरों में इनका आतंक मचा हुआ है। यहां तक की कई शहरों में नसंबदी कार्यक्रम तो हैं, लेकिन कारगर साबित नहीं हो रहे हैं।

इसके कारण इनकी संख्या और कुत्तों का खौफ लगातार बढ़ गया है। इन पर नियंत्रण पाने के ठोस उपाय अभी तक नहीं हो सके हैं। आंकड़ों पर गौर करें, तो शहरी निकायों में करीब दो लाख आवारा कुत्तों की संख्या दर्ज की है। कुत्तों की बढ़ती संख्या शहरी निकायों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है, कई शहरों में डॉग शेल्टर या पाउंड तो कार्यरत हैं, लेकिन उनकी क्षमता सीमित है। कई शहरों में नसबंदी का सिलसिला भी चला लेकिन (एनिमल बर्थ कंट्रोल) की मुहिम कारगर नहीं हैं। शहरी निकायों में 20 से 50 हजार कुत्ते हैं। नसबंदी केंद्रों की कम संख्या और कम क्षमता के कारण संख्या में कमी के बजाय लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कुत्तों की संख्या बड़े निगमों में सबसे अधिक है। एनसीआर के गुरुग्राम और फरीदाबाद नगर निगम में आवारा कुत्तों की संख्या 50-50 हजार से अधिक है।

**शहर में कुत्तों की संख्या**

| | | | |
|---|---|---|---|
| गुरुग्राम- | 50,000 | गन्नौर | 1100 |
| फरीदाबाद | 50,000 | गोहाना | 1,729 |
| यमुनानगर | 28000 | समालखा | 2500 |
| सोनीपत | 18000 | कालका में | 2600 |
| पानीपत | 16000 | पटौदी | 750 |
| करनाल | 12000 | फरुखनगर | 800 |
| पंचकूला | 12000 | निसिंग | 205 |
| रोहतक | 8000 | तरावड़ी | 510, |
| हिसार | 10000 | नीलोखेड़ी | 324 |
| मानेसर | 8000 | असंध | 221 |
| हांसी में | 2000 | | |

**डाग शेल्टर और अन्य इंतजाम भी नहीं**

शहरों और कसबों में डाग शेल्टर और पाउंड तक नहीं हैं। अगर हैं, तो उनकी क्षमता सीमित है। गुरुग्राम में दो शेल्टर हैं, लेकिन उनकी क्षमता सिर्फ 100 की है।

### एनसीआर में 53 करोड़ से खाद्य एवं औषधि सुरक्षा असवसरंचना बढ़ाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने एवं नियमित रूप से असवसरंचना को बेहतर बनाने के लिए 53.21 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इनमें 28 मोबाइल खाद्य टेस्टिंग लैबोरेटरी वैन लगाना और करनाल में जिला खाद्य लैबोरेटरी को मॉडर्न बनाना शामिल है।

■ मोबाइल टेस्टिंग बेहतर बनाने और बढ़ाने को सख्ती से किया लागू: डॉ. मिश्रा

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह पहल नागरिकों के लिए तेज, साइंटिफिक और आसानी से मिलने वाली खाद्य टेस्टिंग सर्विस को मजबूत बनाने की दिशा में अहम कदम है। करनाल में जिला खाद्य टेस्टिंग लैबोरेटरी को राज्य बजट से 90.29 लाख रुपये और फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से 50 लाख के अतिरिक्त बजट से बड़े स्तर पर नवीनीकरण किया जा रहा है।

### राष्ट्र की प्रगति हमारी संस्कृति के बिना संभव नहीं: हरविन्द्र कल्याण

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने स्वामी दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि स्वामी जी के विचार हमें विपरीत परिस्थितियों में भी सही राह पर चलने की ऊर्जा प्रदान करते हैं। राष्ट्र की प्रगति हमारी संस्कृति के बिना संभव नहीं है। आर्य समाज जिस प्रकार हमारी अगली पीढ़ी को अपनी जड़ों और गौरवशाली संस्कृति से जोड़ने का प्रयास कर रहा है, वह वास्तव में एक पावन कार्य है।

■ ऋषि बोधोत्सव एवं जन्मोत्सव समारोह में बोले विधान सभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण रविवार को आर्य समाज द्वारा आयोजित महर्षि दयानंद सरस्वती जन्मोत्सव एवं बोधोत्सव कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अपने निजी कोष से सभा को 11 लाख देने की घोषणा की। संस्कृति, धर्म और देश के लिए संघर्ष किया जब परिस्थितियां अत्यंत विपरीत थीं।


**प्रपत्र जी (चतुर्थ)**
**रूचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण**
**हरियाणा में रियल एस्टेट में प्रचालन करने वाली**
**मै. एसआरएस रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**
(दिवालियापन और बैंक्रप्सी दिवालियापन (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवालियापन समाधान प्रक्रिया) नियमनों, 2016 के नियमन 36ए (1) के तहत)

**सम्बद्ध विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट कर्जदार के नाम सहित पैन/सीआईआईएन/एलएलपी नं. | एसआरएस रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड CIN L65910HR1990PLC040431 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | एसआरएस मल्टीप्लेक्स, टॉप फ्लोर, सिटी सेंटर, सेक्टर-12, फरीदाबाद, हरियाणा-121007 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | https://srsrealinfracirp.in/ |
| 4. | स्थान जहां फिक्सड असैट्स की बहुलता स्थित है, का विवरण | फरीदाबाद, रेवाड़ी, पंचकूला, पलवल, रोहतक (सभी स्थान हरियाणा राज्य में हैं) |
| 5. | मुख्य उत्पाद/सेवाओं की स्थापित क्षमता | वाणिज्यिक और आवासीय परियोजनाओं का विकास और निर्माण |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | उपलब्ध रिकॉर्ड्स के अनुसार, पिछले कुछ सालों में कार्पोरेट कर्जदार का कोई प्रचालन नहीं है। |
| 7. | कर्मचारियों/कामगारों की संख्या | शून्य |
| 8. | पिछले दो वर्ष के अन्तिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों सहित), क्रेडिटर्स की सूचियां, प्रक्रिया की अनुवर्ती घटनाओं हेतु सम्बद्ध तिथियों समेत अधिक विवरण उपलब्ध हैं : | अपेक्षित विवरण गोपनीय अंडरटेकिंग जमा करवाकर cirp.srsreal@gmail.com पर ई-मेल द्वारा मांगे जा सकते हैं। |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत प्रस्ताव आवेदकों के लिए पात्रता उपलब्ध है : | पात्रता मानदंड वेबसाइट https://srsrealinfracirp.in/ से डाउनलोड किए जा सकते हैं। |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि | 03-03-2026 |
| 11. | प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों की अंतरिम सूची जारी होने की तिथि | 13-03-2026 |
| 12. | अंतरिम सूची के लिए आपत्तियां जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि | 18-03-2026 |
| 13. | प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों की अन्तिम सूची के जारी होने की तिथि | 28-03-2026 |
| 14. | प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों को प्रस्ताव योजना के लिए आग्रह और मैमोरेंडम, मूल्यांकन मैट्रिक्स जानकारी जारी होने की तिथि | 02-04-2026 |
| 15. | प्रस्ताव योजनाओं को जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि | 02-05-2026 |
| 16. | ईओआई जमा करवाने के लिए प्रक्रिया ई-मेल आईडी | cirp.srsreal@gmail.com |
| 17. | एमएसएमई के तौर पर कार्पोरेट कर्जदार के पंजीकरण की स्थिति का विवरण | कार्पोरेट कर्जदार एमएसएमई के तौर पर पंजीकृत नहीं है। |

हस्ता/-
अमरपाल
एसआरएस रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लि. का प्रस्ताव पेशेवर
IBBI/IPA-001/IP/ P-01584/2018-2019/12411
एएफए वैध : 31.12.2026 तक
पता : प्लॉट नं. 19, एलजीएफ, हेमकुंट कॉलोनी, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048

दिनांक : 16 फरवरी 2026
स्थान : नई दिल्ली


### हरियाणा में किसानों पर बढ़ता कर्ज चिंताजनक: सैलजा



25,67,467 किसानों पर कुल 60,816 करोड़ रुपये का कर्ज बकाया

**चंडीगढ़।** सांसद कांग्रेस कमेटी महासचिव सैलजा ने कहा है कि खेती-किसानी हरियाणा की तरक्की और खुशहाली की पहचान रही है, लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश के किसान लगातार कर्ज के दलदल में फंसते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़े स्वयं इस बात की पुष्टि करते हैं कि हरियाणा के हर किसान परिवार पर औसतन 1.83 लाख रुपये से अधिक का कर्ज हो चुका है। केंद्र सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा संसद में दी गई जानकारी और हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के लिखित जवाब के अनुसार 30 सितंबर 2025 तक प्रदेश के 25,67,467 किसानों पर कुल 60,816 करोड़ रुपये का कर्ज बकाया है। कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि भाजपा के डबल इंजन शासन में खेती की इनपुट लागत लगातार बढ़ रही है, एमएसपी के नाम पर किसानों को पूरा लाभ नहीं मिल रहा, प्राकृतिक आपदाओं में पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया जा रहा और भूमिहीन किसानों की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है।

### बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थी तनाव न लें: शिक्षा मंत्री ढांडा



सकारात्मक सोच बनाए रखें आत्मविश्वास के साथ प्रत्येक प्रश्नपत्र हल करें

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बोर्ड परीक्षाओं को लेकर कहा कि बोर्ड परीक्षाएं केवल पुस्तकों से अर्जित ज्ञान का आकलन नहीं हैं, बल्कि यह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, परिश्रम, अनुशासन और साहस की भी सच्ची परीक्षा होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष अपने अध्यापकों के मार्गदर्शन में निरंतर मेहनत और समर्पण के साथ अध्ययन किया है और अब समय है अपनी तैयारी तथा क्षमता पर पूर्ण विश्वास रखने का। विद्यार्थियों से परीक्षा के दौरान शांत, संयमित और धैर्यवान रहने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि किसी भी प्रकार की घबराहट या तनाव को मन पर हावी न होने दें। सकारात्मक सोच बनाए रखें और आत्मविश्वास के साथ प्रत्येक प्रश्नपत्र का सामना करें। यदि कोई प्रश्न कठिन लगे तो घबराने के बजाय पहले सरल प्रश्नों को हल करें और फिर शेष प्रश्नों पर ध्यान केंद्रित करें। शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों को पर्याप्त विश्राम लेने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार ग्रहण करने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और शांत मन ही सफलता की कुंजी हैं।

## धनपत सिंह सांगी की स्मृति में 23 से 27 फरवरी तक कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा सांग महोत्सव

# सांग महोत्सव हरियाणा का एक प्रमुख पारंपरिक लोकनाट्य उत्सव : पांडुरंग

**चंडीगढ़।** पारंपरिक लोकनाट्य विधा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आगामी 23 से 27 फरवरी को कुरुक्षेत्र स्थित हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला के सभागार में तीन दिवसीय सांग महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा के प्रसिद्ध सांगी धनपत सिंह के हरियाणा लोक संस्कृति में अमूल्य योगदान को ध्यान में रखते हुए इस महोत्सव के दौरान धनपत सिंह सांगी पुरस्कार की घोषणा की जाएगी। हरियाणा के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग महानिदेशक केएम पांडुरंग ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सांग महोत्सव हरियाणा का एक प्रमुख पारंपरिक लोकनाट्य उत्सव है, जो सांगी (कलाकारों) द्वारा संगीत, नृत्य और लोककथाओं के माध्यम से सामाजिक नैतिकता और पौराणिक कहानियों का मंचन करता है। उन्होंने कहा कि इस सांग महोत्सव में प्रस्तुत किए गए नाटक आमतौर पर बुराई पर अच्छाई की जीत पर आधारित होते हैं, जिनमें पौराणिक कथाएं जैसे प्रह्लाद भगत, राजा हरिश्चंद्र, ऐतिहासिक गाथाएं और सामाजिक मुद्दों जैसे महिला सशक्तिकरण को शामिल किया जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा संस्कृति को जीवंत रखे हुए सांग पार्टियां इस महोत्सव में भाग लेंगी और हरियाणा की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का कार्य करेंगी। महोत्सव तीनों दिन सुबह 10 बजे से सायं के 6 बजे तक आयोजित किया होगा।


**डिमांड नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री राम दास श्रीमती करमो देवी राम दास राज मिस्त्री (प्रोस्पेक्ट नं. IL10351940) | 10-फर.-2026, रु. 736199/- (रुपये सात लाख छत्तीस हजार एक सौ निन्यानवे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- खेवट/खतौनी नंबर 319/339 खसरा नंबर 37//1, 2/1 और खेवट/खतौनी नंबर 320/340 खसरा नंबर 7//23/2,15//3/1 और खेवट/खतौनी नंबर 318/338 खसरा नंबर 140,217 और खेवट/खतौनी नंबर 321/341 खसरा नंबर 26//21,22/1 वाका रकबा मौजा सफीलपुर, हदबस्त नंबर 46, तहसील बिलासपुर जिला यमुनानगर 135001 में से सम्पति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2718.00, 919.00 |
| श्री संदीप सिंह श्रीमती ललिता काला डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10474824) | 10-फर.-26, रु.1072584/- (रुपये दस लाख बहत्तर हजार पांच सौ चोरासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- बनियानी तहसील कलानौर, जिला रोहतक-124001 में स्थित खेवट नं. 636, खतौनी नं. 673, किल्ला नं. 100//22(6-13) और खेवट नं. 637 का भाग, खतौनी नं. 674, किल्ला नं. 100//7(7-8), 10/1(2+0) 11/2(5-4), 12(7-12) 19(7-12), 20 20/1(5-4) 21/24-12) में से सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Super_Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2700.00, 917.00, 917.00 |
| श्री प्रदीप कुमार श्रीमती रूबी प्रदीप कारपेंटर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10821031) | 10- फर.-26, रु.1102714/- (रुपये ग्यारह लाख दो हजार सात सौ चौदह केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- खेवट नं. 205 किले 28 सिरसा, हरियाणा, भारत 125055 वाली सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2325.00, 843.00 |
| श्री लक्ष्मण श्रीमती पूनम देवी शीतल माता ट्रांसपोर्ट शीतला माता वुलन कं. (प्रोस्पेक्ट नं. IL11103928) | 10-फर.-26, रु.2288481.48/- (रुपये बाईस लाख अठासी हजार चार सौ इक्यासी और अड़तालीस पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- सेक्टर-6, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पानीपत, तहसील व जिला पानीपत-132103 में स्थित मकान नं. 491सी, भू-तल। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 234 \ |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआई एफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल - एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा 132001 / 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 16.02.2026
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.


# सीएम सैनी के पंजाब दौरे से गरमाई सियासत

## पंजाब आप नेताओं को खल रही सोशल इंजीनियरिंग की सियासत, ऑपरेशन लोट्स चलाने के आरोप

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

पार्टी हाईकमान के निर्देशों और पंजाब विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी जहां अभी से पंजाब में सोशल इंजीनियरिंग में जुटे हुए हैं। वहीं, दूसरी तरफ पंजाब में सैनी के लगातार दौरों को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भी हमलों की शुरुआत कर दी है। ऑपरेशन लोट्स चलाने के भी आरोप लगे हैं। इसके बावजूद भाजपा हरियाणा और पंजाब भाजपा के नेता ओबीसी, दलित समाज अन्य वर्गों को साधने में जुट गए हैं। दरअसल, भाजपा पंजाब में हरियाणा वाले फार्मूले की तर्ज पर कमल खिलाने में जुट गई है। यही कारण है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री धार्मिक स्थलों, मंदिरों, गुरुद्वारों, डेरा प्रमुखों से भी लगातार मुलाकात करने में जुटे हैं। सीएम सैनी भाजपा हाईकमान के निर्देशों के अनुसार अब पंजाब के कदावर नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं के यहां सुख दुख भी साझा करने का काम कर र हे हैं, इस तरह से भाजपा पंजाब में एक तीर से कई निशाने साधने में जुटी हुई है।

### पंजाब के हरियाणा से लगते जिलों में खासा असर

भाजपा की मुहिम का असर अभी से दिखाई देने लगा है, बाढ़ राहतों के लिए ट्रक में सामग्री हरियाणा से भेजने और कई कदम उठाने के बाद में हरियाणा से लगते जिलों में इन बातों की चर्चा होने लगी है। भले ही अंबाला से लगता पटियाला जिला हो अथवा कुरुक्षेत्र पेहवा ले लगते क्षेत्र, पंचकूला चंडीगढ़ से लगते मोहाली, डेरा बस्सी, लालडू, जीरकपुर, उधर, सिरसा हिसार, फतेहाबाद जिलों से लगते एरिया में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दौरों की चर्चा है।

### ओबीसी कार्ड और दलितों का साथ

पंजाब में बड़ी संख्या में ओबीसी और दलित वर्ग है। अकेले ओबीसी वर्ग की बात करें, तो उसमें गैर जाट सिखों की संख्या अच्छी खासी है, इनकी को जोड़ लें तो 30 फीसदी से ज्यादा बताई जा रही है। इसके अलावा पांच फीसदी सैनी समाज के वोट भी हैं। जबकि सवर्ण समाज पहले ही भाजपा का कमल थामे हुए है। जाट सिखों में भी कई बड़े चेहरों को भाजपा ज्वाइन कराने की मुहिम में भाजपा जुटी हुई है। कुल मिलाकर भाजपा अभी से विस पंजाब में कमल खिलाने की मुहिम में जुट गई है।


**OFFICE OF THE MARKET COMMITTEE UCHANA DIST JIND (HARYANA)**
**NOTICE INVITING TENDERS**

The Market Committee Uchana online cleanliness tender for the following works from the contractors/societies:-

| Sr. No. | Name of work | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Tender Documents Fee (in Rs.) | E-Service Fees (Rs.) | Beginning closing online Bid | Tender Opening Dated | Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Extension Mandi, Old Grain Market & TMC Mandi Market Uchana and cleaning of Sewer and toilets within Extension Mandi, Old Grain Market & TMC Mandi Market Uchana and cleaning & sweeping of the service roads on back side of Extension Mandi, Old Grain Market & TMC Mandi Market Uchana, Market Committee, Uchana Main Office, Kisan Suchna Kender Office (TMC Mandi), Additional New Grain Market Uchana Kalan & Sub Yard Chhattar (Paddy & Wheat Season) Purchase Centre Ghoghrian, Kabarchha & Dhankhari only Wheat Season | monthly limit of expend-iture in Rs. 86,250/- and tender limit for cleaning work in Rs. 603750/- (01.3.2026 to 30.9.2026 | 6038/- or 12,075/- as per govt. instruc-tion EMD for Cooperative labour and construction societies of Rs.25000/- or 1% whichever less and other than Cooperative labour and construction societies EMD 2% of tender amount subject to a ceiling of Rs 2 lacs (refund-able | 2000/- | 1180/- | 13-02-2026 (03:00 PM) 19.02.2026 (01:00 PM) | 19.02.2026 (02:00 PM) | 01-03-2026 to 30-09-2026 |

For details please visit our website:- https://etenders.hry.nic.in

## खबर संक्षेप

### चाचा ने 7 वर्षीय भतीजी से किया दुराचार

**पलवल।** सदर थाना क्षेत्र में एक 7 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि बच्ची के चाचा ने ही कई महीनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बच्ची की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। सदर थाना प्रभारी सुंदरपाल के अनुसार, शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसका पति ऑटो ड्राइवर है। उसके काम से बाहर जाने की वजह से उसके देवर ने पिछले 4 महीनों से उसकी 7 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने बच्ची को धमकी दी थी कि यदि उसने किसी को बताया तो वह उसे और उसके भाई-बहनों को जान से मार देगा। करीब 20 दिन पहले जब मां को शक हुआ तो पूछने पर बच्ची ने अपनी आपबीती सुनाई। जब यह बात अपने पति को बताई तो पति ने उल्टा उसके साथ ही मारपीट की।

### शादी समारोह में बैग से 92 हजार रुपये चोरी

**यमुनानगर।** शहर के कमल पैलेस में आयोजित शादी समारोह में व्यक्ति के बैग से 92 हजार रुपये चोरी हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। शहर की वीना नगर कैंप निवासी उमेश अग्रवाल ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 फरवरी को कमल पैलेस में शादी समारोह था। इस दौरान उसके पास पैसों से भरा बैग था। दोपहर डेढ़ बजे वह पैसों के बैग को साइड में रखकर किसी काम में व्यस्त हो गया। जब उसने बैग को उठाया तो उसमें से पैसे गायब मिले। उसने इसकी शिकायत पुलिस को दी।

### 12वीं की छात्रा ने घर पर फंदा लगाकर दी जान

**सोनीपत।** गांव बैंयापुर में शनिवार शाम कक्षा 12वीं की 17 वर्षीय छात्रा वंशिका ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव कब्जे में लिया और रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वंशिका अपने तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। उनसे पिता मनोज ऑटो चलाते हैं। उसकी माता उर्मिला शनिवार शाम दूध लेने घर से बाहर गई थी। उसके छोटे भाई व बहन बाहर गली में खेल रहे थे। तभी वंशिका ने घर में स्वयं को अकेला पाकर फंदा लगा लिया। अभी आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

## गांवों में स्थानीय बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने खोला खजाना

# 125 करोड़ से बदलेगी गांवों की सूरत, स्टेट फाइनेंस कमीशन ने जारी की ग्रांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांवों में काम कराने के लिए सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं को करोड़ों रुपये जारी किए हैं। विभिन्न जिलों की 506 पंचायतों को 72 करोड़ 96 लाख, 29 पंचायत समितियों को 13 करोड़ 17 लाख और 19 जिला परिषदों को 40 करोड़ 44 लाख रुपये दिए गए हैं। यह पैसा स्टेट फाइनेंस कमीशन द्वारा दिया गया है। यह राशि उन संस्थाओं को दी गई है, जिन्हें सेकेंड क्वार्टर में पैसा नहीं मिल पाया है। ध्यान रहे कि हरियाणा में स्टेट फाइनेंस कमीशन की ग्रांट का प्रयोग मुख्य रूप से ग्रामीण (ग्राम पंचायत, ब्लॉक समिति, जिला परिषद) और शहरी स्थानीय निकायों (नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम) को सशक्त बनाने और स्थानीय बुनियादी ढांचे के विकास के लिए किया जाता है। इन निधियों का उपयोग स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, अपशिष्ट प्रबंधन और सामुदायिक सुविधाओं के विकास में होता है।

72 करोड़ 96 लाख रुपये 506 पंचायतों को मिलेंगे

13 करोड़ 17 लाख रुपये पंचायत समितियों को जारी

40 करोड़ 44 लाख रुपये जिला परिषदों के नाम आए

### विवाद : ग्राम सभा में कोरम पूरा होने पर ही जारी हो सकेंगे टेंडर, राहत की मांग

*ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद अगर एक भी पैसा खर्च करती है तो सबसे पहले उसका प्रस्ताव हाउस में कोरम से पास कराया जाता है। इसके बाद संबंधित संस्थान उसके एस्टीमेट बनाती है। फिर एस्टीमेट को स्वीकृति प्रदान करके उसके टेंडर छोड़ दिए जाते हैं। यहां यह भी याद रखा जाए कि 72 करोड़ 96 लाख रुपये ग्राम पंचायतों के खातों में जमा कराए गए हैं। यह पैसा तभी खर्च होगा जब ग्रामसभा में गांव के 40 प्रतिशत लोग प्रस्ताव पारित करेंगे। इस 40 फीसदी कोरम को लेकर बीते दो महीनों से प्रदेश में बवाल मचा हुआ है। जो पैसा सरकार ने पहले जारी किया हुआ था, वह ही अभी तक खर्च नहीं हो पा रहा है। ऐसे में जिन पंचायतों को अब पैसा दिया गया है, वे कैसे खर्च करेंगी, सबसे बड़ा मुद्दा अब यह है।*

**जिला परिषद को दी राशि**

| | |
|---|---|
| अंबाला | 18610538 |
| भिवानी | 25470349 |
| चरखीदादरी | 13417151 |
| फरीदाबाद | 9646097 |
| गुरुग्राम | 9694729 |
| हिसार | 35681195 |
| झज्जर | 20780796 |
| कैथल | 24456071 |
| करनाल | 29869101 |
| महेंद्रगढ़ | 22374229 |
| नूंह | 31532991 |
| पलवल | 23436119 |
| पंचकूला | 5322664 |
| पानीपत | 18802008 |
| रेवाड़ी | 20812985 |
| रोहतक | 16646796 |
| सिरसा | 28415976 |
| सोनीपत | 27477193 |
| यमुनानगर | 21980956 |
| कुल | 404427944 |

**पंचायत समितियों को मिली ग्रांट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अंबाला-1 | 6360384 | बबैन | 3016814 |
| अंबाला-2 | 1388182 | पिपली | 4294723 |
| बहल | 3078629 | थानेसर | 6058161 |
| बोंद | 4000446 | अटेली नांगल | 4106789 |
| चरखीदादरी | 5980413 | नांगल चौधरी | 3894276 |
| झोझू | 5186156 | बावल | 4710841 |
| फरीदाबाद | 4167513 | धारूहेड़ा | 4459214 |
| हांसी-2 | 3950635 | खोल | 3766455 |
| बादली | 3706779 | रेवाड़ी | 5150009 |
| ढांड | 4241246 | जगाधरी | 5022319 |
| गुहला | 4963864 | प्रताप नगर | 4236443 |
| कलायत | 5009528 | सरस्वतीनगर | 5014196 |
| पुंडरी | 5766285 | कुल | 131734779 |
| सीवन | 3293673 | | |
| असंध | 5965831 | | |
| कुंजपुरा | 3436162 | | |
| नीलोखेड़ी | 7508813 | | |

इन निधियों का उपयोग स्वच्छता, पेयजल, अपशिष्ट प्रबंधन व सामुदायिक सुविधाओं के विकास में होता है।

## 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले का भव्य समापन

# तेलंगाना के शिल्पकार गड्डम बाला व ओडिशा के दामोदर फतेह सिंह को मिला कला सम्मान

- राज्यपाल प्रोफेसर असीम घोष ने शिल्पकारों का किया सम्मान, मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने की अध्यक्षता
- सर्वश्रेष्ठ विदेशी पुरस्कार श्रेणी में मिस्र के गीहान खलीफा को कढ़ाई कला, श्रीलंका की इरेशा को बाटिक शिल्प के लिए सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

शिल्प और परंपरा की अद्वितीय और अनूठी छटा बिखेरने के उपरांत फरीदाबाद में आयोजित 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेला भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। रविवार को 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष के हाथों अवॉर्ड पाकर शिल्पकार प्रफुल्लित हुए। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, नगर निगम मेयर प्रवीण जोशी भी इस मौजूद रहे। पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में शिल्पकार, बुनकरों को उनकी उत्कृष्ट कला के लिए सम्मानित किया गया।



फरीदाबाद। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा कलाकारों को सम्मानित करते हुए।

### इन शिल्पकारों व कलाकारों को किया सम्मानित



परंपरागत श्रेणी के अंतर्गत तेलंगाना राज्य के शिल्पकार गड्डम बाला को उनके उत्कृष्ट इकट शिल्प के लिए चुना गया है। साथ ही 11000 रुपये की धन राशि का चेक प्रदान किया गया। कला रत्न श्रेणी में ओडिशा राज्य के प्रसिद्ध शिल्पकार दामोदर फतेह सिंह को पट्टचित्र कला में उत्कृष्ट योगदान के लिए चयनित किया गया है। साथ ही 11000 रुपये की धन राशि का चेक प्रदान किया गया। कला मणि श्रेणी के अंतर्गत कुल आठ शिल्पकारों का चयन किया गया है। इसमें उत्तर प्रदेश के सलाउद्दीन को चिकनकारी कला, आंध्र प्रदेश के करुपथि राजावरी कुमार को कलमकारी, उत्तर प्रदेश के इरफान अली को मार्बल इनले, राजस्थान के लक्ष्मी लाल कुम्हार को मोलेला कला, हिमाचल प्रदेश के ओम प्रकाश मल्होत्रा को कुल्लू शॉल, बिहार की उर्मिला देवी को मधुबनी पेंटिंग, आंध्र प्रदेश की शकुंतला को लकड़ी की नक्काशी तथा उत्तर प्रदेश के मोहम्मद कलीम को बनारसी साड़ी शिल्प के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही सभी आठों शिल्पकारों को 11000 रुपये की धन राशि की घोषणा की गई।

**कला निधि श्रेणी में इन्हें मिला सम्मान :** कला निधि श्रेणी में मेघालय के एह्मोनखोंगविर को केन-बांस शिल्प, मेघालय के ही रेलिवेंट को एरी सिल्क, तेलंगाना के के. रामू को कलमकारी , आंध्र प्रदेश के संतोष कुमार को लकड़ी के खिलौने, राजस्थान की चंदा देवी को लेदर फुटवियर तथा पश्चिम बंगाल के असित बरन जाना को मदुरकाठी शिल्प के लिए चयनित किया गया है। साथ ही सभी आठों शिल्पकारों को 5100 रुपये की धन राशि की घोषणा की गई। कला श्री श्रेणी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की शिप्रा शर्मा को लिप्पन आर्ट, पश्चिम बंगाल की रीता सरकार को जूट शिल्प तथा दिल्ली की चारु अरोड़ा को ओरिगामी/पेपर क्राफ्ट के लिए सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही तीनों शिल्पकारों को 2100 रुपये की घोषणा की गई।

### मेले में आत्मनिर्भर भारत का दिखा विजन

राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहा कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन का मजबूत व जीवंत उदाहरण है। यह लोकल से ग्लोबल-आत्मनिर्भर भारत के मंत्र से प्रेरित है। सूरजकुंड मेला एक वाइब्रेंट प्लेटफार्म के तौर पर उभर रहा है। जहां ट्रेडिशन और नवाचार मिलकर काम करते हैं।

### इन विदेशी कलाकारों को पुरस्कार से नवाजा

सर्वश्रेष्ठ विदेशी पुरस्कार श्रेणी में मिस्र के गीहान खलीफा को कढ़ाई कला, श्रीलंका की इरेशा को बाटिक शिल्प, अल्जीरिया के होसिन नेज्जार को हैंड वीविंग तथा मिस्र के एम.डी. एमपैपी को धातु/पीतल प्लेट एवं लैम्प शिल्प के लिए चुना गया है।

## खानक में एससी एसटी एक्ट में कार्रवाई

# जिप चेयरपर्सन प्रतिनिधि कृष्ण मलिक व नानू को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- जिप चेयरमैन ने अवैध खनन मामले में थाना प्रभारी की सीएम से की थी शिकायत
- खानक निवासी की शिकायत पर कृष्ण व नानू समेत अन्य पर दर्ज हुआ था केस, थाने में जुटे व्यापारी, पुलिसबल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

खानक निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर गत वीरवार 11 फरवरी को एससी एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले में पुलिस ने जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कृष्ण मलिक व पिंजोखरा निवासी नानू को गिरफ्तार किया है। वहीं सूचना मिलते ही जिप चेयरपर्सन अनिता मलिक व तोशाम व्यापार मंडल के प्रधान जोगेंद्र मलिक थाने में पहुंचे। काफी संख्या में व्यापारी भी एकत्रित हो गए। पुलिस प्रशासन ने थाने का मुख्य द्वार बंद कर बाहर भारी संख्या में आसपास से पुलिस बुलाकर तैनात की। गत वीरवार 11 फरवरी को खानक पहाड़ में सरकारी रास्ते पर अवैध वसूली की शिकायत दर्ज करने आए कुछ व्यक्तियों ने आरोप लगाया था कि शिकायत दर्ज करने आए लोगों के साथ थाना प्रभारी ने दुर्व्यवहार किया। मामले को लेकर कुछ लोगों ने इसकी शिकायत जिप चेयरपर्सन अनिता मालिक से की थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए चेयरपर्सन अनिता मलिक ने मामले को मुख्यमंत्री सहित अन्य उच्च अधिकारियों के सामने रखा था। वहीं खानक निवासी राजपाल ने कृष्ण मलिक व नानू सहित 8-10 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ जातिसूचक शब्द कहने एवं जान से मारने की धमकी देने की शिकायत तोशाम पुलिस को दी थी, जिस पर मामला दर्ज कर रविवार शाम करीबन 4 बजे डीएसपी दलीप कुमार व थाना प्रभारी महावीर सिंह के नेतृत्व में कृष्ण मलिक को उनके खानक स्थित स्टोन क्रशर से गिरफ्तार कर लिया। करीबन 2 घंटे बाद कृष्ण मलिक व नानू को मेडिकल करवाकर न्यायालय में पेश किया।



तोशाम। थाने के बाहर तैनात पुलिस।

### राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फंसाया : जोगेंद्र

तोशाम व्यापार मंडल के प्रधान जोगेंद्र मलिक ने कहा कि कृष्ण मलिक को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है। किसी की मदद करने का ऐसा नतीजा मिलता है, यह मैंने पहली बार देखा है, लेकिन हम मदद से पीछे नहीं हटेंगे।

# 450 मेडिकल ऑफिसर की भर्ती में 8505 ने दी परीक्षा



रोहतक। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते अधिकारी।

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा हरियाणा सरकार की मेडिकल अफसर की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन सुबह 11: 30 बजे से दोपहर 1 बजे तक करवाया गया। इसके लिए रोहतक जिले में 47 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल और डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज चंडीगढ़ की तरफ से आए अधिकारियों ने कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई उम्मीदवारों की तलाशी ली गई। इस दौरान भारी तादात में पुलिस बल भी तैनात रहा।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि मेडिकल अफसरों के 450 रिक्त पदों को भरने के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के लिए करीब 12555 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था और करीब 8505 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी।

**वीडियोग्राफी करवाई :** परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करवाने के लिए हरियाणा सरकार और विश्वविद्यालय की तरफ से पर्यवेक्षक सभी सेंटरों पर उपस्थित रहे व उड़नदस्तों ने सभी सेंटरों का दौरा किया। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि केंद्र पर हर उम्मीदवार की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**पानीपत।** पानीपत जिले में रविवार की देर रात रोहतक हाईवे पर गांव बलाना के पास ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद रोहतक हाईवे पर यातायात जाम जैसे हालात बन गए। घटना की सूचना मिलने पर इसराना थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की।

वहीं पुलिस ने हादसा स्थल क्षेत्र में बढ़ रहे जाम को देखते हुए रोहतक हाईवे पर यातायात को वन-वे कर दिया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवाने की प्रक्रिया शुरू की। समाचार लिखे जाने तक तीनों मृतकों की शिनाख्त नहीं हुई थी। इसराना थाना पुलिस मृतकों की पहचान करने के प्रयास कर रही है। वहीं, आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ भी पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## झुग्गी में रहने वालों की संदिग्ध गतिविधियों पर रोष

# तीन गांवों की पंचायत ने 10 दिन में महम छोड़ने का सुनाया फरमान

- दूसरे पक्ष का दावा- वे बांग्लादेश के रोहिंग्या नहीं, आसाम से आए हुए हैं, हमारे पास आईडी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

कस्बा महम के साथ सटे अशोक नगर इलाके में झुग्गियों में रह रहे कुछ परिवारों को लेकर हंगामा हो गया। रविवार सुबह किशनगढ़, इमलीगढ़ और अशोक नगर के लोगों की एक पंचायत हुई। इस पंचायत की अध्यक्षता महम नगर पालिका के पार्षद विकास श्योराण ने की। पंचायत में भाजपा नेता अजीत अहलावत ने कहा कि पिछले कई दिनों से वे यहां रह रहे संदिग्ध लोगों को यहां से हटाने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने पुलिस प्रशासन को भी अवगत करवाया था, लेकिन इनको यहां से नहीं हटाया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग बांग्लादेश से अवैध रूप से देश में आए हुए हैं। इन्हें वापस बांग्लादेश भेजा जाना चाहिए। वहीं, दूसरे पक्ष का दावा है कि वे आसाम के रहने वाले हैं और उनके पास सभी आईडी हैं। पंचायत में उनके लेबर प्रधान को भी बुलाया गया। उन्हें पंचायत में फैसला सुनाया गया कि अगले दस दिन में वे यह जगह छोड़ दें। यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया तो पंचायत अपने स्तर पर कार्रवाई करने पर मजबूर हो जाएगी। साथ ही कहा कि जिला और स्थानीय प्रशासन महम शहर में जितने भी रोहिंग्या हैं, उन सबको निकाले। इस मौके पर रामेश्वर, सोमबीर यादव, कृष्ण यादव, कृष्ण ढाका, सतबीर प्रधान, बलदेव, सन्नी ढाका मोनू, बंटी, नसीब, राहुल, अजमेर, राजेश व भूप सिंह समेत इलाके के कई लोग मौजूद थे।



महम। पंचायत में मौजूद ग्रामवासी।

## मंथन — खानपुर में खाप प्रतिनिधियों ने विभिन्न सामाजिक व कानूनी मुद्दों पर की चर्चा

# रोधी खाप डीजे व मृत्युभोज के खिलाफ चलाएगी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी/नारनौंद

गांव खानपुर में शनिवार को रोधी खाप की पंचायत आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता खाप प्रधान सुमेर सिंह डाटा ने की। पंचायत में सामाजिक, पारिवारिक और सरकारी नीतियों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सबसे पहले विवाह-शादियों और अन्य आयोजनों में तेज आवाज में बजाए जाने वाले डीजे और अश्लील गीतों पर चिंता जताई गई। पंचायत ने निर्णय लिया कि खाप के सभी गांवों में बैठकें कर आपसी सहमति बनाई जाएगी ताकि आगामी पंचायत में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध का प्रस्ताव पारित किया जा सके। इसी क्रम में मृत्यु भोज जैसी परंपराओं पर भी रोक लगाने के लिए अभियान चलाने का फैसला लिया गया। पंचायत सदस्यों ने कहा कि इन प्रथाओं से परिवारों पर आर्थिक और सामाजिक बोझ बढ़ता है। पंचायत ने लिव-इन रिलेशनशिप कानून पर आपत्ति जताते हुए सरकार की नीतियों की आलोचना की। साथ ही संयुक्त परिवार प्रणाली को बढ़ावा देने, युवाओं में पारंपरिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और परिवारों में संवाद मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया गया।



नारनौंद। गांव खानपुर में पंचायत को संबोधित करते हुए प्रधान सुमेर डाटा।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर देंगे ज्ञापन

बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी चर्चा हुई। पंचायत ने आशंका जताई कि इससे किसानों के हित प्रभावित हो सकते हैं। इस संबंध में राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाएगा। गांव डाटा से उपेन्द्र मास्टर, उदयबीर पहलवान, सुभाष सन्चू मसूदपुर से ज्ञान सिंह दलाल, शिवकुमार श्योराण, राजेश दलाल महजद से बलजीत प्रधान, सुनील चहल, सत्यवान सरपंच, चन्द्रभान खानपुर से सुभाष काद्यान, भीरा ढोलेदार, मेहसर ठोलेदार, राजू ठोले दार, मेवा सिंह नम्बरदार, म्बरदार राज सिंह कोहाड़, युद्धवीर बुरा, चर्मबीर सिन्दड़ से बलदेव सिंह, बेदपाल आदि मौजूद थे।



**खबर संक्षेप**

### भारत-ब्रिटेन एफटीए के अप्रैल में लागू होने की संभावना



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच जुलाई, 2025 में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के अप्रैल, 2026 में लागू होने की संभावना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए।

### सेबी ने पांच कंपनियों को दी आईपीओ लाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने प्रीमियर इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन और गद्दे बनाने वाली कंपनी ड्यूरोफ्लेक्स सहित पांच कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है। इसके अलावा बाजार नियामक ने दवा कंपनी विरुपाक्ष ऑर्गेनिक्स, मुंबई स्थित हेक्सागॉन न्यूट्रिशन और ओम पावर ट्रांसमिशन को भी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने को मंजूरी दी है।

### जापानी कंपनी लगाएगी खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र



**ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश)।** जापान की क्यूपी कॉरपोरेशन ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने की इच्छा जताई है और इसके लिए कंपनी का प्रतिनिधिमंडल प्राधिकरण अधिकारियों से मिला। संयंत्र के लिए लगभग आठ से 10 एकड़ जमीन की जरूरत होगी और कंपनी करीब 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

# 10000 करोड़ की मदद से नए निवेशकों को होगा बड़ा लाभ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय स्टार्टअप्स को शुरुआती निवेश उपलब्ध कराने के लिए 10,000 करोड़ रुपए के नए फंड 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को मंजूरी दे दी है। इस फंड का विशेष फोकस डीप टेक, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और शुरुआती चरण के संस्थापकों पर रहेगा, ताकि नवाचार को शुरुआती वित्तीय कमी के कारण रुकना न पड़े। यह योजना 2016 में शुरू किए गए पहले फंड ऑफ फंड्स के दूसरे चरण के रूप में लाई गई है। पहले चरण में 10,000 करोड़ रुपए के पूरे कोष को विभिन्न निवेश फंड्स के माध्यम से तैनात किया गया। इनके जरिए 1,370 से अधिक स्टार्टअप्स को समर्थन मिला और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर तथा स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में 25,500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हुआ। नए फंड का प्रमुख उद्देश्य डीप टेक और नवोन्मेषी विनिर्माण जैसे लंबे समय में विकसित होने वाले क्षेत्रों को 'लंबी अवधि की धैर्यपूर्ण पूंजी' उपलब्ध कराना है। इन क्षेत्रों में जोखिम अधिक होने के कारण निजी निवेशक अक्सर निवेश से बचते हैं, जिससे उच्च-जोखिम पूंजी की कमी बनी रहती है।

- रूस के अलावा अन्य देशों ने भी आपूर्ति रोकी

**केंद्र ने स्टार्टअप फंड को दी मंजूरी**

पहले चरण में 1,370 से अधिक स्टार्टअप्स को लाभ




### विदेशी निवेश पर निर्भरता होगी कम

नई योजना का एक अहम लक्ष्य निवेश को केवल बड़े स्टार्टअप हब जैसे बेंगलुरु या दिल्ली तक सीमित न रखकर देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाना भी है, ताकि नवाचार का दायरा व्यापक हो सके और घरेलू दीर्घकालिक पूंजी को बढ़ावा मिले। इससे विदेशी निवेश पर निर्भरता कम करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 2016 से अब तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या 500 से बढ़कर 2 लाख से अधिक हो चुकी है। सरकार का मानना है कि यह नया फंड आर्थिक मजबूती, विनिर्माण क्षमता में वृद्धि और उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा व 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को गति देगा।

## एक शीर्ष अधिकारिक सूत्र ने कही यह बात

# बैंकों को बचत आकर्षित करने, कामकाज सुधारने, नए उत्पाद लाने की जरूरत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बैंकों को बचत आकर्षित करने के लिए कर नीति की नहीं बल्कि उपयुक्त कदम उठाने और परिचालन के स्तर पर कुशल बनने के साथ नये और नवोन्मेषी उत्पाद लाने की जरूरत है। बैंकों में बचत दर में कमी के बीच एक शीर्ष आधिकारिक सूत्र ने यह बात कही है।

आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार, घरेलू बचत दर वित्त वर्ष 2011-12 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 34.6 प्रतिशत पर थी जो 2023-24 में घटकर 30.7 प्रतिशत पर आ गयी। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना वित्तीय बचत में बैंक जमा का हिस्सा घटकर 35 प्रतिशत रह गया है, जो वित्त वर्ष 2011-12 के 58 प्रतिशत से काफी कम है।

### बैंकों ने जमा के आगे देखा ही नहीं

सूत्र ने बातचीत में कहा, ''बैंक में मूलभूत समस्या यह है कि उन्होंने जमा के आगे देखा ही नहीं, जबकि दुनिया में ऐसा नहीं है। पूंजी बाजार की बात करें तो हम सब शेयर की बात करते हैं। बॉन्ड की चर्चा कम होती है। बैंक, बॉन्ड के जरिये सस्ती दर पर लंबी अवधि के लिए पैसा जुटा सकते हैं और इसके आधार पर परियोजनाओं के लिए कर्ज दे सकते हैं।




### एफडी का पैसा लेकर बैंक लंबा कर्ज कैसे देगा

*सूत्र ने कहा, ''अब आप खुद सोचिए दो साल की 'फिक्स्ड डिपॉजिट' यानी सावधि जमा का पैसा लेकर बैंक 10 साल की परियोजना के लिए कैसे कर्ज देंगे? इस बारे में बैंकों को सोचने की जरूरत है।'' सूत्र ने कहा, ''अब अन्य देशों के बैंक क्या करते हैं? उनके पास भी जमा होती है, लेकिन इस पर निर्भरता इतनी नहीं है।*

- बैंकों को कर नीति की नहीं कुशल बनने की जरूरत
- बैंकों के बचत दर में दिनों दिन कमी आ रही
- सालाना वित्तीय बचत में बैंक जमा का हिस्सा घटकर 35 प्रतिशत

### बैंकों को परिचालन में सुधार करना होगा

बचत दर में कमी के बीच इसे आकर्षक बनाने के बारे में पूछे जाने पर आधिकारिक सूत्र ने कहा, ''कर नीति का मकसद अब बचत के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना नहीं है बल्कि इसके जरिये यह सुनिश्चित किया गया है कि आप अपनी कमाई पर कर दीजिए और बचे पैसे को अपने हिसाब से खर्च कीजिए या फिर निवेश कीजिए। बचत को आकर्षक बनाने के लिए बैंकों को परिचालन के स्तर पर कुशल बनने के साथ सावधि जमा के अलावा बचत के नवोन्मेषी उत्पाद लाने की जरूरत है।''

**बैंकों में 90 फीसदी पैसा दो साल से कम के लिए जमा**

*सूत्र ने कहा, ''आज बैंकों के पास जो पैसा जमा है, उसमें लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा दो साल से कम की अवधि के लिए और पांच लाख रुपये से कम की जमा के रूप में है। लोगों ने इस पैसे को इसलिए रखा है कि वह सुरक्षित रहे और जरूरत पड़ने पर उसे निकाल सके। लोगों ने अपने पैसे दूसरे जोखिम वाले उत्पादों में भी डाल रखे होंगे।''*

### सरकार कर व्यवस्था सरल बना रही

सरकार कर व्यवस्था को सरल और सुगम बना रही है। इसी के तहत नई आयकर व्यवस्था में सभी के लिए 12 लाख रुपये तक की आय और नौकरीपेशा के मामले में 12.75 लाख रुपये (75 हजार की मानक कटौती के साथ) तक की आय के लिए कोई कर देने की जरूरत नहीं है। इसमें किसी प्रकार की छूट नहीं दी गयी है। वहीं पुरानी कर व्यवस्था में लघु बचत योजनाओं समेत कई मदों में बचत और निवेश पर छूट दी गयी है।

### नवोन्मेषी उत्पाद लाने होंगे

'बैंकों को बचत को आकर्षित करने के लिए कदम उठाने होंगे, उन्हें परिचालन के स्तर पर कुशल बनने के साथ नये और नवोन्मेषी उत्पाद लाने होंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी अर्थव्यवस्था में वृद्धि तभी होगी जब निवेश होगा और देश में जो निवेश होगा, उस पैसे का प्रमुख स्रोत घरेलू बचत है। घरेलू बचत खासकर परिवार की बचत में हाल के दिनों में कमी आई है।

# सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद खरीदार उत्साहित



- गिरावट को अवसर मान रहे: टाइटन एमडी
- सोने की कीमतों ने भारतीय खरीदारों को किया प्रभावित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टाइटन कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) अजय चावला ने कहा है कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने भारतीय खरीदारों को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ग्राहक अब कीमतों में गिरावट को अवसर मानकर बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, बिलकुल शेयर निवेशकों की तरह।

चावला ने कहा कि पहले कई ग्राहक महंगी कीमतों के कारण सोना खरीदने में देरी करते थे, लेकिन अब उन्होंने अपनी रणनीति बदल ली है और कीमत गिरने पर सोना खरीदना शुरू कर दिया है, बजाय इसके कि अनिश्चित समय तक इंतजार करें। चावला ने बताया, /"लोगों ने लंबे समय तक इंतजार करने में नुकसान उठाया है, इसलिए अब वे हर कीमत गिरावट का फायदा उठाकर सोने की खरीद कर रहे हैं, जैसे शेयर बाजार में करते हैं।उन्होंने माना कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है, लेकिन मांग मजबूत बनी हुई है। चावला ने कहा, /"ग्राहक इसमें हिस्सा लेने की कोशिश करेंगे। जो लोग पिछड़ गए, वे अब खरीदने आएंगे।/" उन्होंने कहा कि इससे लोगों की सोने के प्रति मजबूत रुचि और विश्वास का पता चलता है।

### मुनाफा वसूली के कारण आई गिरावट

टाइटन की आभूषण कारोबार इकाई इस रुझान से लाभान्वित हुई है। सोने की कीमतों में फरवरी, 2026 की शुरुआत में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया।

### कीमतें और नहीं गिरने की उम्मीद

चावला के अनुसार, कई लोग जिन्होंने साल के पहले छह महीनों में सोने की खरीद में देरी की थी, उन्होंने त्योहारी और शादी के सीजन से पहले सोना खरीदना शुरू कर दिया क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि कीमतें अब और नहीं गिरेंगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# भारत में कारोबार की बुनियादी स्थिति में हो रहा सुधार

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की बहुराष्ट्रीय उपभोक्ता सामान कंपनी यूनिलीवर ने कहा है कि अमेरिका के बाद उसके दूसरे सबसे बड़े बाजार भारत में कारोबार की बुनियादी स्थिति में सुधार हो रहा है। चौथी तिमाही के नतीजों के दौरान यूनिलीवर ने बताया कि होम केयर खंड में कंपनी ने 4.7 प्रतिशत की अंतर्निहित बिक्री वृद्धि और बिक्री की मात्रा में चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के अनुसार, इसे भारत में उत्पादों की खपत में निरंतर मजबूती से समर्थन मिला है। सीईओ फर्नांडो फर्नांडीस ने कहा, ''भारत इस गति में एक प्रमुख योगदानकर्ता रहा है। होम केयर खंड में फैब्रिक वॉश और घरेलू देखभाल के मजबूत प्रदर्शन के दम पर भारत में बिक्री की मात्रा में वृद्धि मध्यम एकल अंक में रही और कंपनी ने इसमें अब तक की सर्वाधिक बाजार हिस्सेदारी हासिल की है।''




### बाजार पूंजीकरण में सबसे ज्यादा नुकसान टीसीएस को

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 953.64 अंक या 1.14 प्रतिशत नीचे आया।

# वैश्विक संकेतकों से तय होगी स्थानीय शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा अगले सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों तथा एआई से जुड़े बदलावों को लेकर पैदा हुई चिंता से जुड़े घटनाक्रमों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। हालांकि, शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच निवेशक सावधानी बरत सकते हैं।विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेगी। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''निकट भविष्य में शुल्क से जुड़ी चिंताएं कम होने और घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के मिले-जुले तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने के करीब होने के बीच बाजार मुख्य रूप से वैश्विक संकेतकों पर निर्भर करेगा।



## गरीबों को मिलने वाले अनाज वितरण की प्रक्रिया से बिचौलिए बाहर

# पूरे देश में अब 'ग्रेन एटीएम' से निकलेगा अनाज

एजेंसी ▸▸ गांधीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर में 'सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी' (सीबीडीसी) पर आधारित पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस) का उद्घाटन किया। यह पहल पीएम नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका लक्ष्य सरकारी सेवाओं को सीधे जनता तक पहुंचाना है। इस नई प्रणाली को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय खाद्य निगम और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से लागू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य अनाज वितरण की प्रक्रिया से बिचौलियों को पूरी तरह बाहर करना है।

**खास बात**

- गृह मंत्री ने 'अन्नपूर्ति' मशीन का उद्घाटन किया
- 4 साल के भीतर पूरे देश में लागू होगी यह योजना



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

### गेहूं, चावल, दाल, चना भी देगी मशीन

इस कार्यक्रम के दौरान 'अन्नपूर्ति' मशीन का भी उद्घाटन किया गया, जो गुजरात में विकसित एक 'ग्रेन एटीएम' है। अमित शाह ने इसे तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता का अद्भुत संगम बताया। इस एटीएम के जरिए अब गरीबों को केवल गेहूं या चावल ही नहीं, बल्कि 1 किलो तुअर दाल, 1 किलो चने, नमक और चीनी भी वितरित की जाएगी। यह मशीन 'मेड इन गुजरात' का प्रतीक है और देश की तकनीकी प्रगति को दर्शाती है।

### खाद्य सुरक्षा में बड़ा बदलाव

गृह मंत्री ने भरोसा जताया कि अगले 3 से 4 साल के भीतर इस व्यवस्था को पूरे देश में लागू कर दिया जाएगा। इससे हर गरीब व्यक्ति को उसके हक का पूरा 5 किलो अनाज सुरक्षित तरीके से मिल सकेगा। यह डिजिटल कदम खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सबसे बड़ा बदलाव साबित होगा।

### भ्रष्टाचार पर लगाम और पारदर्शिता पर जोर

अमित शाह ने कहा कि कई सालों से देश के पिछड़े इलाकों में भ्रष्टाचार के कारण गरीबों तक अनाज नहीं पहुंच पाता था। लेकिन इस नई डिजिटल व्यवस्था के आने से खाद्य और आपूर्ति विभाग के काम करने के तरीके में पारदर्शिता आएगी और भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा। यह सिस्टम आधार आधारित बायोमेट्रिक पहचान के साथ मिलकर काम करेगा, जिससे पूरी प्रक्रिया सुरक्षित और सटीक होगी।

### खनायरा एनर्जी को घरेलू बाजार में भी कच्चा तेल मिलना हुआ बंद

**नई दिल्ली।** रूस के अलावा दुनिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति बंद होने के बाद रोसनेफ्ट के समर्थन वाली वाली भारतीय रिफाइनरी कंपनी नायरा एनर्जी को घरेलू बाजार में भी कच्चा तेल मिलना बंद हो गया है। वेदांता लिमिटेड की केयर्न ऑयल एंड गैस ने पाबंदियों के इस माहौल के बीच नायरा को राजस्थान के अपने तेल क्षेत्र से से कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी है। नायरा में रोसनेफ्ट समेत कई रूसी कंपनियों का स्वामित्व है। राजस्थान से आने वाला कच्चा तेल उसकी कुल जरूरत का लगभग पांच-10 प्रतिशत था।

### रिफाइनरी की दो करोड़ टन सालाना की क्षमता

इस आपूर्ति को गुजरात में उसकी दो करोड़ टन सालाना (लगभग 4,00,000 बैरल प्रति दिन) क्षमता वाली वाडिनार रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता था। पिछले साल यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा कंपनी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वेदांता लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज एक प्रतिबंध के दायरे में आने वाली कंपनी के साथ वाणिज्यिक करार के कारण दूसरे पाबंदियों के खतरे को लेकर सावधान हो गई थी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6140




**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी -2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा -2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा -2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

### शब्द पहेली - 6139 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | य | ती | म | खा | ना | | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | | हा | | ना | ह | क | | र | म |
| हा | | ना | न | सें | स | | र | मा | | जा |
| नी | र | व | ता | | सु | र | | न | म | न |
| का | | खे | | अ | र | क्त | | | सी | |
| र | वा | ना | हो | ना | | पा | ल | न | हा | र |
| | ह | | | चा | ह | त | | का | | च |
| का | न | न | | र | म | | ब | र | सा | ना |
| म | | र | ज | | स | का | र | ना | | का |
| धा | र | | खि | ला | फ | | स | | भो | र |
| म | स | ख | रा | | र | म | ता | जो | गी | |



बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए रिकॉर्ड 7.85 लाख करोड़ आवंटित, अब तक की सबसे बड़ी राशि

# रक्षा सुधारों के एक दशक का लाभ 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देखने को मिला: प्रधानमंत्री

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशेष इंटरव्यू में कहा कि मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, सेवाओं का क्षेत्र और एमएसएमई सेक्टर ने भारत को वैश्विक व्यापार वार्ताओं में ताकत दी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि रक्षा सुधारों के एक दशक के लाभ 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। उन्होंने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि भारत को सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा। मोदी ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि विश्व में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे देश के रूप में, भारत का यह कर्तव्य है कि वह वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप अपने रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करे। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित 7.85 लाख करोड़ का हवाला देते हुए कहा कि यह पिछले बजट से 15 प्रतिशत अधिक है और किसी भी मंत्रालय या विभाग को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है।

**भारत को सुरक्षा चुनौतियों से निपटने को हर समय तैयार रहना होगा**



### कांग्रेस सरकारों की परोक्ष रूप से की आलोचना

प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि राजग सरकार ने ही चार दशकों से चली आ रही 'ओआरओपी' (वन-रैंक-वन-पेंशन) की मांग को पूरा किया है। उन्होंने पिछली कांग्रेस सरकारों की परोक्ष रूप से आलोचना करते हुए कहा, ''यह हमारी सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक है कि दशकों तक देश पर शासन करने वालों ने रक्षा क्षेत्र का इस्तेमाल केवल अपनी जेबें भरने के लिए किया, जैसा कि उनके कार्यकाल के दौरान हुए रक्षा संबंधी घोटालों की संख्या से स्पष्ट है।

### विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी

मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी और सरकार द्वारा उठाए गए कदम उन्हें सशक्त बनायेंगे। प्रधानमंत्री ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि पिछले कुछ वर्षों में यह गर्व का विषय रहा है कि भारतीय महिलाएं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं। चाहे अंतरिक्ष हो या स्टार्ट-अप, वे बड़ा प्रभाव डाल रही हैं।' मोदी ने कहा कि महिलाओं का कल्याण उनकी सरकार के हर फैसले का मार्गदर्शन करता है और प्रत्येक जिले में बालिकाओं के लिए 'स्टेम' (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) छात्रावास स्थापित करने की नयी पहल से महिलाओं में शिक्षा और नवाचार में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष 1.5 लाख देखभालकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और सहायक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए संस्थानों का विस्तार करने का निर्णय स्वास्थ्य देखभाल कार्य को औपचारिक रूप देगा, जो काफी हद तक अनौपचारिक क्षेत्र तक ही सीमित रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देखभालकर्ताओं को प्रशिक्षित करने से महिलाओं के लिए सम्मानजनक, प्रमाणित रोजगार के अवसर बनेंगे और साथ ही भारत की स्वास्थ्य क्षमता भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में अर्थव्यवस्था के नए युग के क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है और 15,000 विद्यालयों तथा 500 महाविद्यालयों में 'एवीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक्स) कंटेंट क्रिएटर लैब्स' तथा औपचारिक रचनात्मक ढांचे की स्थापना के जरिए सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि एनीमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग और डिजिटल कंटेंट जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचे।

### मैं कभी पूरी तरह संतुष्ट नहीं होता; सार्वजनिक जीवन में कुछ रचनात्मक करने की बेचैनी जरूरी : मोदी

मोदी ने कहा कि स्वभाव से ''वह कभी संतुष्ट नहीं होते'' हैं क्योंकि उनका मानना है कि सार्वजनिक जीवन में कुछ रचनात्मक करने के लिए बेचैनी, ज्यादा करने की लगातार इच्छा, तेजी से सुधार करने और बेहतर सेवा करने की जरूरत होती है। मोदी ने हालांकि इस बात पर भी जोर दिया कि 'सुधार एक्सप्रेस' की यात्रा में हासिल की गई प्रगति के स्तर को स्वीकार करना भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष साक्षात्कार में कहा कि लोगों के लिए अधिक हासिल करने और देश को आगे बढ़ाने की हमेशा एक मजबूत इच्छा रहती है। यह पूछे जाने पर कि क्या वे भारत की 'सुधार एक्सप्रेस' द्वारा कई क्षेत्रों में गति पकड़ने से हुई प्रगति से संतुष्ट हैं, मोदी ने कहा, आपने पूछा है कि क्या मैं सुधार एक्सप्रेस में हुई प्रगति से संतुष्ट हूं।

- ''टूटा-फूटा और पुराना बुनियादी ढांचा उस देश के लिए उपयुक्त नहीं है, जो विकसित भारत बनने की आकांक्षा रखता है।''
- ''एमएसएमई को सिर्फ आपूर्तिकर्ता बनने से आगे बढ़ना होगा। उन्हें उन्नत प्रौद्योगिकी अपनानी होगी, दुनिया भर से जुड़ना होगा, और निर्यातोन्मुख उद्योग बनना होगा जो वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की हिस्सेदारी की रीढ़ बनें।
- ''ये मुक्त व्यापार समझौते यह सुनिश्चित करने के तरीके हैं कि हमारे युवा सिर्फ घरेलू बाजार के आपूर्तिकर्ता न बनें, बल्कि वैश्विक व्यापार और प्रगति में भी सक्रिय भागीदार बनें।''
- ''एक देश जो एक दशक पहले अपने लगभग सभी मोबाइल आयात करता था, आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है।''
- ''नीति सिर्फ एक सहायक ढांचा तैयार कर सकती है। बदलाव के अगले चरण के लिए निजी क्षेत्र से एक अहम प्रतिक्रिया की जरूरत है।''
- ''जैसे-जैसे उत्पादकता बढ़ती है, लाभ को श्रमिकों, अंशधारकों और मालिक-प्रबंधकों के बीच बराबर बांटा जाना चाहिए। सतत विकास के लिए सामाजिक जिम्मदारी जरूरी है।''

मोदी के साक्षात्कार पर टिप्पणी

## सुनियोजित और हताशा भरी कवायद: कांग्रेस

*नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का साक्षात्कार कोई साक्षात्कार नहीं था और दावा किया कि इसे सोच-समझकर तैयार किया गया और यह हताशा भरी जनसंपर्क की कवायद थी। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि व्यापार समझौते पर अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण करने के कारण घेराबंदी और हमले का सामना कर रहे प्रधानमंत्री अब सुर्खियां बटोरने की अपनी पसंदीदा रणनीतिर का सहारा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री को पता है कि इस साल का बजट पूरी तरह से विफल रहा है और बौद्धिक थकावट के सभी लक्षण दर्शाता है। बाजारों ने नकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और निवेशक इससे प्रभावित नहीं हुए हैं। इसलिए, उन्हें बजट पेश होने के दो सप्ताह बाद और संसद में विपक्ष द्वारा इसकी धज्जियां उड़ाए जाने के कुछ दिनों बाद साक्षात्कार देना आवश्यक लगा। हमेशा की तरह, मोदी शैली के कुछ ऐसे 'वन लाइनर्स' (संक्षिप्त बयान) हैं जिनका वास्तविकता में कोई खास मतलब नहीं है। रमेश ने दावा किया कि मोदी लाखों किसानों के साथ किए गए अपने रविश्वासघातर और अन्य रआत्मसमर्पणोंर से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। रमेश ने कहा कि उनका तथाकथित साक्षात्कार कोई साक्षात्कार नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित और हताशाभरी जनसंपर्क कवायद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री झुके भी हैं और थके भी हैं। उनका यह बयान प्रधानमंत्री मोदी के 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में यह कहने के बाद आया कि इस साल का बजट मजबूरी के कारण पैदा हुआ रअभी नहीं तो कभी नहींर वाला पल नहीं था, बल्कि तैयारी और प्रेरणा से उपजा हम तैयार हैं वाला क्षण था।*



शाह की राहुल को चुनौती

## कहा- बहस कर लें, किसानों का नुकसान किसने किया



**गांधीनगर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में भारत की पहली सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किया और यूएस ट्रेड डील पर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं कि यूरोपीय यूनियन, इंग्लैंड के साथ एफटीए और अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हित को नुकसान पहुंचाया है। मैं राहुल गांधी को चैलेंज देना चाहता हूं, कोई भी मंच तय कर लीजिए, भाजपा के युवा मोर्चा का अध्यक्ष आकर बहस कर लेगा कि किसानों का नुकसान किसने किया है।

### कांग्रेस ने कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाया

उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने 70 साल में एक बार कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाकर किसानों को गुमराह किया। पीएम मोदी ने 10 साल से 6,000 रुपए प्रति वर्ष देकर किसानों को लोन लेने की नौबत ही न आए, ऐसी व्यवस्था की। कांग्रेस का नेतृत्व हमेशा झूठ बोलकर जनता को गुमराह करता रहा है। कांग्रेस बताए किसानों का कितना अनाज खरीदा था? 10 साल यूपीए सरकार के और 10 साल मोदी सरकार की तुलना करें तो हमने आपसे 15 गुना अधिक अनाज किसानों का एमएसपी पर खरीदा है।

### डील किसानों के साथ विश्वासघात



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर देश के किसानों के साथ विश्वासघात करने का बड़ा आरोप लगाया है। राहुल ने कहा कि अमेरिका ट्रेड डील के नाम पर हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं।

सबरीमाला मंदिर का मुद्दा फिर गरमाया

## महिलाओं के प्रवेश पर सरकार से मांगा जवाब, आज कोर्ट में सुनवाई

- उस फैसले में हर उम्र की महिलाओं को भगवान अयप्पा के मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई थी।

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



सबरीमाला मंदिर

केरल में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। विपक्ष ने सत्तारूढ़ एलडीएफ सरकार से साफ रुख बताने की मांग की है। सवाल यह है कि सरकार अदालत में महिलाओं के प्रवेश का समर्थन करेगी या अपना पुराना हलफनामा वापस लेगी। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 2018 के फैसले से जुड़े रिव्यू और रिट याचिकाओं पर विचार करने वाला है। उस फैसले में हर उम्र की महिलाओं को भगवान अयप्पा के मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। विपक्षी कांग्रेस का कहना है कि सरकार को अदालत में जाने से पहले जनता को अपना रुख साफ-साफ बताना चाहिए। उनका आरोप है कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर अब तक असमंजस की स्थिति में है। नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन ने सीएम विजयन से पूछा कि क्या सरकार अब भी सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने पुराने हलफनामे के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार महिलाओं के प्रवेश के पक्ष में है तो उसे मजबूती से अदालत में यही बात रखनी चाहिए। अगर नहीं है तो हलफनामा वापस लिया जाए। कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने भी कहा कि पूरे केरल में सरकार से साफ रुख की मांग हो रही है और पीछे हटना जनता के साथ धोखा होगा।

### टॉय ट्रेन में सरिता पहली महिला टिकट कलेक्टर



**दार्जिलिंग।** दार्जिलिंग की मशहूर टॉय ट्रेन में पहली बार किसी महिला को टिकट कलेक्टर की जिम्मेदारी मिली है। सरिता योलमो ने 145 साल पुराने दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (डीएचआर) में वरिष्ठ वाणिज्यिक-सह-टिकट संग्राहक बनकर इतिहास रच दिया है। यह रेलवे यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल है। 55 वर्षीय सरिता योलमो गोरखा समुदाय से आती हैं। इससे पहले वे न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर सीटीसी के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्होंने राजधानी एक्सप्रेस, गुवाहाटी-बेंगलुरु एक्सप्रेस और अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी कई ट्रेनों में टिकट कलेक्टर की जिम्मेदारी निभाई है।

### शिअद में शामिल हुए भाजपा उपाध्यक्ष खन्ना

**चंडीगढ़।** पंजाब में संगरूर से विधानसभा चुनाव लड़ चुके भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद खन्ना शिअद में शामिल हो गए हैं। महाशिवरात्रि के दिन शिअद प्रमुख सुखबीर बादल अरविंद खन्ना के संगरूर स्थित निवास स्थान पर पहुंचे और अरविंद खन्ना को पार्टी में शामिल करवाया। अरविंद खन्ना भाजपा के वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष थे।



### जीप खाई में गिरने से तीन की मौत, एक घायल

**थुनाग (मंडी)।** हिमाचल प्रदेश के सराज में 4 में से 3 युवकों की जीप दुर्घटनाग्रस्त होने पर मौत हो गई। चारों बगस्याड़-रहीधार क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल पहुंचने के दौरान दम तोड़ दिया। एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद नेरचौक मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।



### रेणुका को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य रेणुका चौधरी को अपनी कार में एक आवारा कुत्ते को संसद परिसर में लाने और सांसदों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया है। राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने चौधरी के खिलाफ एक शिकायत पर संज्ञान लिया है। 23 फरवरी तक आरोपों का जवाब देने के लिए कहा है।




उत्तराखंड हाई कोर्ट का अहम फैसला जो एक चेतावनी भी

## सहमति से लंबे समय तक संबंध बनाने के बाद शादी का वादा तोड़ना बलात्कार नहीं

एजेंसी ▶▶ नैनीताल

उत्तराखंड हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि सहमति से लंबे समय तक संबंध बनाने के बाद शादी का वादा तोड़ना रेप नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि जब दो व्यस्कों के बीच सहमति से संबंध बनते हैं तो रेप केस के लिए यह साबित करना जरूरी है कि शादी का वादा शुरू से ही झूठा था। कोर्ट ने कहा है कि जब दो वयस्क आपसी सहमति से लंबे समय तक संबंध में हों तो शादी के वादे को पूरा न करना आईपीसी की धारा 376 के तहत बलात्कार नहीं माना जा सकता।

### कई बार मिलना आपसी सहमति का संकेत



उत्तराखंड हाई कोर्ट

कोर्ट ने पाया कि दोनों पक्ष लंबे समय से रिश्ते में थे और उनके बीच बार-बार शारीरिक संबंध बने थे, जिससे प्रारंभिक धोखाधड़ी के बजाय आपसी सहमति का संकेत मिलता है। हाई कोर्ट ने यह निर्धारित किया कि ठोस आधार के अभाव में आपराधिक कार्यवाही जारी रखना आरोपी का उत्पीड़न होगा।

### महिला अपराध सिद्ध न कर सकी

जस्टिस आशीष नैथानी ने सुनवाई के दौरान कहा कि किसी वयस्क महिला द्वारा दी गई सहमति मात्र इसलिए अमान्य नहीं हो जाती क्योंकि संबंध शादी में नहीं बदला। इसे धारा 376 के तहत अपराध मानने के लिए यह सिद्ध करना आवश्यक है कि शादी का वादा केवल संबंध बनाने के लिए सहमति पाने का एक साधन था और आरोपी का शादी करने का कोई इरादा नहीं था।

## चिंतन

# मोदी को न्योता बांग्लादेश की एक सार्थक शुरुआत

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद उभरता राजनीतिक परिदृश्य दक्षिण एशिया की कूटनीति के लिए अहम संकेत दे रहा है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चेयरमैन तारिक रहमान 17 फरवरी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रण भेजा जाना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश भी है। यह संदेश है संवाद, संतुलन और सहयोग की नई संभावनाओं का। यानी बांग्लादेश ने मोदी को न्योता देकर एक सार्थक शुरुआत की है, लेकिन दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी बनी रहेगी या कुछ नरमाहट आएगी यह तो भविष्य पर निर्भर है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहमान के शपथ समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उसी दिन मुंबई में उनकी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पूर्व निर्धारित द्विपक्षीय बैठक है, लेकिन भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की उपस्थिति यह स्पष्ट करती है कि नई दिल्ली इस परिवर्तन को गंभीरता से ले रही है। तारिक की ताजपोशी कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है। 36 वर्षों में पहली बार बांग्लादेश को पुरुष प्रधानमंत्री मिलने जा रहे हैं। 20 साल के निर्वासन के बाद देश लौटकर उन्होंने कम समय में जनता का विश्वास अर्जित किया और बीएनपी को प्रचंड बहुमत दिलाया है। यह जनादेश केवल सरकार बदलने का संकेत नहीं, बल्कि नीति-प्राथमिकताओं में संभावित बदलाव की ओर भी इशारा करता है। शपथ ग्रहण समारोह इस बार पारंपरिक राष्ट्रपति भवन के बजाय ढाका के नेशनल पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है। यह स्थान परिवर्तन भी एक प्रतीक है संभवतः अधिक सार्वजनिक और खुली राजनीतिक संस्कृति का। पड़ोसी देशों के नेताओं को निमंत्रण भेजना बताता है कि रहमान सरकार क्षेत्रीय संतुलन को प्राथमिकता देना चाहती है। भारत और बांग्लादेश के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से गहरे रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर आज तक दोनों देशों के बीच सहयोग का एक मजबूत आधार रहा है। पिछले एक दशक में व्यापार, कनेक्टिविटी, ऊर्जा और सुरक्षा सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई, लेकिन यह भी सच है कि दोनों देशों के रिश्ते समय-समय पर राजनीतिक बदलावों के साथ नए मोड़ लेते रहे हैं। तारिक ने शपथ से पहले स्पष्ट कहा है कि भारत के साथ वार्ता में बांग्लादेश के हित सर्वोपरि रहेंगे। यह बयान किसी भी संप्रभु राष्ट्र की स्वाभाविक प्राथमिकता है, लेकिन इसके साथ उन्होंने चीन को भी विकास साझीदार बताया है। यहीं से नई सरकार की संतुलन नीति का संकेत मिलता है। दक्षिण एशिया में चीन की बढ़ती सक्रियता और भारत की पारंपरिक भूमिका के बीच बांग्लादेश का संतुलन साधना आसान नहीं होगा। बीएनपी के विदेश नीति सलाहकार हुमायूं कबीर का यह कहना कि भारत के साथ संबंधों की नई शुरुआत हो सकती है, सकारात्मक संकेत है, परंतु चुनाव जीतते ही शेख हसीना की वापसी की मांग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि नई सरकार कुछ मुद्दों पर आक्रामक रुख अपना सकती है। ऐसे में आने वाले समय में नई दिल्ली और ढाका के बीच संवाद की गुणवत्ता ही तय करेगी कि रिश्ते किस दिशा में आगे बढ़ेंगे। कुल मिलाकर यह कहना जल्दबाजी होगी कि नई सरकार का रुख कैसा रहेगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि दक्षिण एशिया की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। अब देखना यह है कि आगे की कहानी सहयोग की होगी या प्रतिस्पर्धा की।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# महंगाई नए आधार वर्ष के पैमाने में

सरकार ने महंगाई को मापने का आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस क्रम में, 12 फरवरी को पहली बार जनवरी माह की खुदरा महंगाई को नए आधार पर मापा गया। नए आधार पर जनवरी 2026 में यह बढ़कर 2.75% हो गई, जो दिसंबर में 1.33% थी, और यह पिछले 8 महीनों का उच्चतम स्तर है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी की गई नई कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) सीरीज देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा सुधार है। नई व्यवस्था न केवल गरीबी के अनुमानों को अधिक सटीक बनाएगी, बल्कि सरकार की नीतियों को भी बेहतर ढंग से तैयार करने में मदद करेगी।

आगामी 10 वर्षों के लिए सरकार ने महंगाई को मापने का आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस क्रम में, 12 फरवरी को पहली बार जनवरी माह की खुदरा महंगाई को नए आधार पर मापा गया। नए आधार पर जनवरी 2026 में यह बढ़कर 2. 75% हो गई, जो दिसंबर में 1. 33% थी, और यह पिछले 8 महीनों का उच्चतम स्तर है। इस दौरान, मई 2025 में यह 2. 82% तक पहुंच गई थी।

महंगाई का स्तर इस बात पर निर्भर करता है कि मांग और आपूर्ति का संतुलन कैसा है। जब लोगों के पास अधिक पैसे होंगे, तो वे अधिक वस्तुएं खरीदेंगे, जिससे मांग बढ़ेगी। यदि आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं है, तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाएंगी। इसके विपरीत, जब मांग कम होती है और आपूर्ति अधिक होती है, तो महंगाई घट जाएगी। सरकार आमतौर पर हर 5 से 10 वर्षों में नया आधार वर्ष चुनती है, जो साल सूखा, बाढ़, महामारी या अत्यधिक महंगाई से मुक्त हो। पुराने सूचकांक में खाने-पीने की वस्तुओं का वेटेज लगभग 50% था, जिसे अब घटाकर 36. 8% कर दिया गया है। गौरतलब है कि आधार वर्ष वह वर्ष होता है जिसे कीमतों के लिए मानक या आधार माना जाता है। इसका अर्थ है कि उस वर्ष की वस्तुओं की औसत कीमत को 100 माना जाता है। फिर, अन्य वर्षों की कीमतों की तुलना उसी आधार वर्ष से की जाती है। इससे पता चलता है कि महंगाई कितनी बढ़ी या कम हुई है। उदाहरण के लिए, यदि 2022 को आधार वर्ष माना जाए और उस वर्ष एक किलो आलू की कीमत 50 रुपये थी, और 2025 में वह बढ़कर 80 रुपये हो गई, तो महंगाई दर = (80-50)/50×100 = 60% है। यह फॉर्मूला खुदरा महंगाई या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में उपयोग होता है। हालांकि, यह बाजार के सभी सामानों पर समान रूप से लागू नहीं होता है। महंगाई को मापने के लिए एक बकेट में वैसी वस्तुओं व सेवाओं को रखा जाता है, जो महंगाई को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं। इस क्रम में हर वस्तु को उपभोक्ता के बजट में उसके महत्व के आधार पर भार दिया जाता है। सीपीआई सूचकांक की मदद से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) हर महीने खुदरा महंगाई की गणना करता है, जिसमें ऐसी वस्तुएं और सेवाएं शामिल होती हैं, जिनका इस्तेमाल आम लोग ज्यादा करते हैं, जैसे कि खाद्य, कपड़े, आवास, ईंधन, स्वास्थ्य आदि। यह सूचकांक इन वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को दर्शाता है, जो आधार वर्ष 2012 के संदर्भ में होते थे और अब ये 2024 के संदर्भ में होंगे। विकास को सुनिश्चित करने के लिए महंगाई की वास्तविक स्थिति को समझना आवश्यक है ताकि जनता की घटती क्रय शक्ति, स्थिर आय, और जीवन यापन की लागत का सही आकलन किया जा सके। इससे उपयुक्त वित्तीय योजना, निवेश की सुरक्षा, मजदूरी की उचित मांग और सरकार के लिए सही मौद्रिक नीतियों का निर्धारण आसान हो जाता है। जब महंगाई का चित्र स्पष्ट होता है, तो सरकार सही कदम लेकर इन पर नियंत्रण कर सकती है, जिससे आम जनता के नुकसान को रोका जा सकता है। महंगाई बढ़ने से पैसे का मूल्य घट जाता है, और इससे पता है कि हमें कितनी ज्यादा कमाने या बचत करने की जरूरत है। अगर महंगाई अधिक हो, तो निवेश का रिटर्न नकारात्मक हो



जाता है। वहीं, सही महंगाई दर जानकर सोना, शेयर जैसे बेहतर निवेश के विकल्प को चुनने में आसानी होती है। महंगाई के सही आंकड़ों से शिक्षा, स्वास्थ्य, और जरूरी वस्तुओं पर इसके असर को समझा जा सकता है। सरकारें इन आंकड़ों की मदद से ब्याज दरें और करों में बदलाव करती हैं। आंकड़ों के गलत रहने से सरकारी नीतियां जनता के लिए हानिकारक हो सकती हैं। जब महंगाई स्थिर नहीं रहती, तो जनता को सही आंकड़ों के आधार पर निर्णय लेना चाहिए। पिछले एक दशक के दौरान लोगों की जीवनशैली, खर्च करने के तरीके और लोगों के दैनिक आवश्यकताओं में आमूल-चूल बदलाव आया है। इसलिए, 2012 का आधार वर्ष महंगाई की सही तस्वीर नहीं दिखा पा रहा था। आंकड़े वास्तविक आयों के लिए सूचकांक में वस्तुओं और सेवाओं की संख्या भी बढ़ाई गई है। पहले सूचकांक में 299 वस्तुएं थीं, जिन्हें नए ढांचे में बढ़ाकर 358 कर दिया गया है। नए सूचकांक की मुख्य विशेषता है कि यह उन वस्तुओं और सेवाओं को शामिल करता है जिन पर आज अधिकांश लोग खर्च कर रहे हैं। अब, स्मार्टफोन, इंटरनेट, ईयरफोन, फिटनेस बैंड जैसे उपकरण हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जबकि पहले इनका उपयोग सीमित था। इस सूचकांक में नेटफ्लिक्स, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसी ओटीटी सेवाओं को भी शामिल किया गया है। नया आधार वर्ष लाने का मकसद है सब्जियों, अनाज जैसी वस्तुओं की कीमतों में बदलाव से महंगाई के आंकड़ों पर ज्यादा प्रभाव न पड़े। इस बदलाव से गैर-खाद्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों के उतार-चढ़ाव को भी महंगाई मापने में शामिल किया गया है, ताकि महंगाई की वास्तविक तस्वीर हमारे सामने आ सके। नए सूचकांक में ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म से वस्तुओं की कीमतों का डेटा इकट्ठा किया जाएगा। हवाई किराए, बिजली दरें, ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं, ऑनलाइन सेवाएं और शॉपिंग की कीमतों को भी शामिल किया जाएगा। इसी तरह, इन वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बदलाव का प्रभाव भी महंगाई के आंकड़ों में दिखाई देगा। ग्रामीण इलाकों में घर के किराए को सूचकांक में शामिल किया गया है, जिससे ग्रामीण महंगाई की तस्वीर और भी ज्यादा साफ होगी। इनके अलावा, वे वस्तुएं, जिनका उपयोग आज नहीं किया जाता है, जैसे वीडियो और ऑडियो कैसेट आदि, महंगाई मापने वाली सूची से हटा दी गई हैं। महंगाई की वास्तविक स्थिति को समझना बहुत जरूरी है। अगर इसे गलत तरीके से पेश किया गया, तो यह न सिर्फ जनता को परेशान कर सकता है, बल्कि विकास में भी बड़ी बाधा बन सकता है। जब महंगाई की दर बढ़ती है, तो भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर को कम नहीं करता, जिससे बैंकों को सस्ती पूंजी नहीं मिलती और उन्हें उच्च ऋण दर पर ऋण देना पड़ता है। इससे उधार लेने की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है, और पूंजी की कमी के कारण आर्थिक गतिविधियां मंद हो जाती हैं। इसलिए, महंगाई का सही स्तर समझना अनिवार्य है। इसके साथ ही, आधार वर्ष में बदलाव और बकेट में उपयोगी वस्तुओं को शामिल करने से महंगाई की सच्चाई सामने आ सकती है, और सही उपाय अपनाकर विकास की गति बढ़ाई जा सकती है। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी की गई नई कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) सीरीज देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा सुधार है। नई व्यवस्था न केवल गरीबी के अनुमानों को अधिक सटीक बनाएगी, बल्कि सरकार की नीतियों को भी बेहतर ढंग से तैयार करने में मदद करेगी।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
सुनील कुमार महला




# क्योटो प्रोटोकॉल : जलवायु समझौतों के लिए मार्गदर्शक

पर्यावरणीय दृष्टि से 16 फरवरी का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इस दिन 2005 को क्योटो प्रोटोकॉल आधिकारिक रूप से लागू हुआ था, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विश्व का पहला कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता था। इसे 1997 में जापान के क्योटो शहर में अपनाया गया था और यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा अभिसमय (यूएनएफसीसीसी) के अंतर्गत बनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य औद्योगिक (विकसित) देशों द्वारा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 1990 के स्तर की तुलना में कम करना था, ताकि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित किया जा सके। वास्तव में आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से प्रभावित है, जिसका प्रमुख कारण बढ़ती जनसंख्या, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, तेज शहरीकरण, विकास कार्यों के नाम पर पेड़ों की कटाई, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, परिवहन, कृषि गतिविधियां और प्रदूषण हैं, जिनसे वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा तेजी से बढ़ रही है। ग्रीनहाउस गैसों जैसे कि कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, जलवाष्प तथा फ्लोरीनयुक्त गैसें आदि वायुमंडल में सूर्य की ऊष्मा को रोककर पृथ्वी का तापमान बढ़ाती हैं, जिसे ग्रीनहाउस प्रभाव कहा जाता है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन लगभग 57.7 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक स्तर है और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2.3% अधिक है। इस अवधि में उत्सर्जन वृद्धि में भारत का योगदान सबसे अधिक रहा, हालांकि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अभी भी वैश्विक औसत से कम है। बता दें कि भारत में लगभग 3 टन प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष, जबकि वैश्विक औसत लगभग 6.4 टन है। कुल उत्सर्जन के मामले में भारत लगभग 4 गीगाटन वार्षिक उत्सर्जन के साथ विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है, लेकिन ऐतिहासिक योगदान विकसित देशों से कम है। जानकारी के अनुसार 2024 में वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता लगभग 423–425 पीपीएम तक पहुंच गई, जो औद्योगिक क्रांति से पहले की तुलना में लगभग 50% अधिक है और जलवायु जोखिम को बढ़ा रही है। क्योटो प्रोटोकॉल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता 'साझा लेकिन भिन्न जिम्मेदारी' का सिद्धांत था। इसके अनुसार ऐतिहासिक रूप से अधिक प्रदूषण करने वाले विकसित देशों पर अधिक दायित्व डाला गया, जबकि भारत और चीन जैसे विकासशील देशों को शुरुआती चरण में अनिवार्य उत्सर्जन कटौती से छूट दी गई। इस समझौते के अंतर्गत उत्सर्जन व्यापार, क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म (सीडीएम) और संयुक्त कार्यान्वयन जैसे नवाचारपूर्ण तंत्र बनाए गए, जिन्हें फ्लेक्सिबल मैकेनिज्म कहा गया और इन्हीं के माध्यम से कार्बन ट्रेडिंग की अवधारणा विकसित हुई, जिससे विकसित देश अन्य देशों में हरित परियोजनाओं या स्वच्छ तकनीक में निवेश करके कार्बन क्रेडिट खरीद सकते थे। भारत ने सीडीएम के तहत बड़ी संख्या में परियोजनाएं विकसित कीं, जिससे तकनीकी आधुनिकीकरण, विदेशी निवेश और 'सर्टिफाइड एमिशन रिडक्शन' (सीईआर) क्रेडिट के रूप में आर्थिक लाभ मिला तथा भारत वैश्विक कार्बन बाजार का महत्वपूर्ण भागीदार बना। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस समझौते पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन इसे अपनी संसद से अनुमोदित नहीं कराया, जिससे इसकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठे, फिर भी इसकी एक बड़ी उपलब्धि यह रही कि इसने उत्सर्जन की निगरानी, रिपोर्टिंग और सत्यापन की सख्त वैश्विक प्रणाली विकसित की, जो आज भी अंतरराष्ट्रीय जलवायु व्यवस्था की आधारशिला मानी जाती है। आगे चलकर वैश्विक जलवायु प्रयासों को अधिक व्यापक बनाने के लिए 2015 में पेरिस समझौता अस्तित्व में आया, जिसमें लगभग सभी देशों को जलवायु कार्रवाई के साझा लक्ष्य में शामिल किया गया। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2023-2024 में वैश्विक उत्सर्जन रिकॉर्ड स्तर के आसपास है और वर्तमान नीतियों के साथ 1.5 डिग्री सेल्सियस वृद्धि लक्ष्य हासिल करना कठिन दिखाई देता है। हालांकि, अब वैश्विक जलवायु नीति का केंद्र पेरिस समझौता बन चुका है, फिर भी क्योटो प्रोटोकॉल ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नींव रखी। भारत ने वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में महत्वपूर्ण लक्ष्य घोषित किए हैं। आज जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच यह समझौता दुनिया को उत्सर्जन नियंत्रण की जिम्मेदारी याद दिलाता है। संक्षेप में, क्योटो प्रोटोकॉल आधुनिक वैश्विक जलवायु नीतियों का आधार माना जाता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जब मन अशांत हो तो इष्टदेव के मंत्रों का जप करें



संकलित
दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## काम शुरू करने से ज्यादा महत्वपूर्ण काम करते रहना



संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### महाशिवरात्रि : भीतर के अंधकार से संवाद

महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का वह विराट क्षण है जहां आस्था, दर्शन और आत्मबोध एक-दूसरे से संवाद करते हैं। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की यह चतुर्दशी, शिव-तत्व के स्मरण और साधना का पर्व है- वह शिव, जो संहारक नहीं, बल्कि परिवर्तन और कल्याण के अधिष्ठाता हैं। भारतीय दर्शन में शिव को आदि और अनंत के प्रतीक के रूप में देखा गया है। वे न केवल सृष्टि के संहारक हैं, बल्कि नवसृजन के भी मूल स्रोत हैं। शिव का डमरु ब्रह्मांड की लय को उद्घोषित करता है, गंगा का अवतरण करुणा का प्रतीक है और भस्म-विभूषण यह संदेश देता है कि भौतिकता अंततः नश्वर है। महाशिवरात्रि की रात्रि जागरण और साधना की रात्रि है।

*- जगदीश पाठक, बेमेतरा*

## करंट अफेयर

### नाइजीरिया में हुई मछली पकड़ने की प्रतियोगिता

नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम में स्थित अर्गुंगु शहर में हरियाली के बीच बहने वाली मतान फदान नदी में शनिवार को हजारों मछुआरे मछली पकड़ने के पारंपरिक पर्व में शामिल हुए। राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू सहित हजारों दर्शकों ने सबसे बड़ी मछली पकड़ने की प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। हालांकि सुरक्षा संबंधी कारणों से कुछ लोगों ने उत्सव से दूरी बनाए रखी। इस पर्व पर मछली पकड़ने के लिए लोगों ने हाथ से बुने जाल और लौकी से बने बर्तन जैसे केवल पारंपरिक समानों का इस्तेमाल किया। कुछ ने अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए केवल हाथों से ही मछली पकड़ी। इस साल के विजेता ने 59 किलोग्राम की क्रोकर मछली पकड़ी। प्रतियोगिता के विजेता को नकद इनाम दिया जाता है, जबकि बाकी प्रतिभागी अपनी पकड़ी मछलियां बेचते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है। साल के बाकी समय इस नदी में किसी को जाने की अनुमति नहीं होती और इसकी देखरेख एक पदवीधारी प्रमुख करते हैं, जिन्हें 'सरकिन रुवा' यानी पानी का मुखिया कहा जाता है। मछली पकड़ने की प्रतियोगिता वार्षिक अंतरराष्ट्रीय मछली पकड़ने के उत्सव का समापन था। पर्व के दौरान पारंपरिक कुश्ती, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए।



## ऑफ बीट

### रूमाल या टिश्यू, हमारे स्वास्थ्य के लिए कौन बेहतर

आज, हम जानते हैं कि नाक से निकलने वाले स्राव में ठंडे प्रकार के वायरस पाए जाते हैं जो कई सतहों पर स्थानांतरित हो सकते हैं - हाथ, रूमाल, टिश्यू, दरवाज़े के हैंडल, कीबोर्ड - कभी-कभी शुरुआती जोखिम के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहते हैं। इसलिए दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले सूती रूमाल में अपनी नाक साफ करना, फिर किसी अन्य वस्तु को छूना, इसका मतलब है कि ये वायरस फैल सकते हैं। यहां तक कि अगर आप अपने सूती रूमाल को तुरंत धोने के लिए रख देते हैं, तो भी आप दरवाजे की कुंडी जैसी सतहों को दूषित कर देंगे, और वॉशिंग मशीन को चलाने के लिए अपने संक्रमित हाथों का उपयोग करेंगे। वायरस टिशू पर इतने लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाते हैं। बशर्ते आप टिश्यू का उपयोग करने के बाद उन्हें फेंक दें, और उन्हें दूसरों के उठाने के लिए इधर-उधर नहीं छोड़ें, तभी इस्तेमाल किए गए टिश्यू से दूसरों तक रोगाणु पहुंचने की संभावना बहुत कम होती है। फिर सवाल यह है कि क्या रुमाल या टिश्यू खांसी और सांस के रास्ते निकलने वाले थूक को रोकने के लिए प्रभावी हैं। रूमाल जैसे बुनियादी कपड़े के आवरण, टिश्यू की तरह, थूक को पकड़ सकते हैं। लेकिन कई अध्ययनों से पता चला है कि वे श्वसन एरोसोल को प्रभावी ढंग से फ़िल्टर नहीं करते हैं।



## ट्रेंड

### कांग्रेस की बौखलाहट

कांग्रेस ने कभी देश की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी। इसलिए आज जब हम अपनी सीमाओं पर शानदार हाईवे, टनल्स, ऊंचे-ऊंचे ब्रिज और आधुनिक एयरफील्ड्स के साथ देश की सुरक्षा को बढ़ा रहे हैं, तो वो बौखलाहट से भर गई है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### शिक्षा से रोजगार तक

औद्योगिक विकास के साथ-साथ कौशल विकास को केंद्र में रखा गया है, उद्योग-अकादमिक साझेदारी, अप-स्किलिंग, एआई और डिजिटलीकरण पर विशेष बल दिया गया है, ताकि शिक्षा से रोजगार तक का मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हो और स्थानीय युवाओं को नए अवसर मिलें।

- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री



### किसानों से विश्वासघात

हम अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के नाम पर भारत के किसानों के साथ हो रहे विश्वासघात को देख रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं.. डीडीजी आयात करने का असल मतलब क्या है? क्या इसका मतलब भारतीय पशुओं को जीएम अमेरिकी मक्के से बना डिस्टिलर्स ग्रेन खिलाया जाएगा?


- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### सोलर से समृद्धि

दिल्ली ने सोलर से समृद्धि का रास्ता प्रशस्त कर लिया है। अब किसान बिना एनओसी के कृषि भूमि पर सोलर पैनल लगा सकते हैं। हमारी सरकार ने प्रक्रिया आसान कर दी है ताकि किसानों की आय बढ़े।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## ईशान का अर्धशतक

पाकिस्तान के खिलाफ फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी

*वर्ल्ड कप में अब 8-1 की बढ़त*

# भारत की फुलटॉस जीत...पाक को कोलंबो में दी कड़ी पटखनी

## बुमराह, अक्षर पटेल, चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके

भाषा ⏭ कोलंबो

सलामी बल्लेबाज ईशान किशन के तूफानी अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने रविवार को यहां आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान पर 61 रन की एकतरफा जीत के साथ सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई किया। भारत के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम हार्दिक पंड्या (16 रन पर दो विकेट), वरुण चक्रवर्ती (17 रन पर दो विकेट), जसप्रीत बुमराह (17 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से उस्मान खान (44) के अलावा कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया।

उनके अलावा सिर्फ शाहीन शाह अफरीदी (नाबाद 23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। टी-20 विश्व कप में यह भारत की पाकिस्तान के खिलाफ नौ मैचों में आठवीं जीत है जबकि उसे सिर्फ एक मैच में हार का सामना करना पड़ा है। इशान ने स्पिन की अनुकूल पिच पर 40 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 77 रन की पारी खेलने के अलावा तिलक वर्मा (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन जोड़े जिससे भारत ने सात विकेट पर 175 रन बनाए।




### इस विकेट पर पहले बल्लेबाजी करना बेहतर विकल्प था: सूर्यकुमार

**कोलंबो।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 61 रन की बड़ी जीत के साथ सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई करने के बाद कहा कि इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करना बेहतर विकल्प था और उन्होंने 175 रन बनाकर विरोधी टीम को मुकाबले से बाहर कर दिया। भारत के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम हार्दिक पंड्या (16 रन पर दो विकेट), वरुण चक्रवर्ती (17 रन पर दो विकेट), जसप्रीत बुमराह (17 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18 ओवर में 114 रन पर सिमट गई।

### *टॉस के दौरान आपस में हाथ नहीं मिलाया*

*टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया। भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले साल एशिया कप के दौरान पाकिस्तान के प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया था। यह फैसला पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में किया गया था।*

### देशभक्ति के नारे गूंजे

टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की शानदार जीत के बाद देश भर में जश्न का माहौल नजर आया। मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद सहित भोपाल में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। भारत माता के जयकारे लगाए। इंदौर के राजवाड़ा आतिशबाजी और पटाखों की गूंज से सराबोर हो गया। लोगों ने घरों की बालकनियों से लेकर सड़कों तक जीत का इजहार किया।

### पाक पर जीत से आत्मविश्वास मिलेगा: ईशान

पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में 40 गेंद में 77 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर भारत की बड़ी जीत में अहम योगदान देने वाले ईशान किशन ने रविवार को यहां कहा कि इस जीत से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। ईशान ने स्पिन की अनुकूल पिच पर 40 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्के लगाने के अलावा तिलक वर्मा (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन जोड़कर भारत का दबदबा कायम किया। उन्हें इस पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। भारत ने सात विकेट पर 175 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को 18 ओवर में 114 रन पर आउट कर 61 रन से जीत दर्ज की। इशान ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, ''मुझे लगता है कि शुरुआत में विकेट उतना आसान नहीं था। ऐसे में खुद पर भरोसा रखना और अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी था। मैंने अपने ऑफ-साइड खेल पर काफी मेहनत की है। मैं बस चीजों को सरल रखने की कोशिश कर रहा था।'' उन्होंने कहा कि उनके दिमाग में 160-170 रन का स्कोर खड़ा करने का लक्ष्य था।

**भारत-175/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ईशान किशन बो सईम | 77 |
| अभिषेक का शाहीन बो सलमान | 00 |
| तिलक पगबाधा बो सईम | 25 |
| सूर्यकुमार का सईम बो तारिक | 32 |
| हार्दिक का बाबर बो सईम | 00 |
| शिवम दुबे रन आउट | 27 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 |
| अक्षर का सईम बो शाहीन | 00 |

अतिरिक्त: 03

कुल:20 ओवर में सात विकेट पर: 175 रन

विकेट पतन: 1-1, 2-88, 3-126, 4-126, 5-159, 6-175, 7-175

गेंदबाजी: सलमान 2-0-10-1, शाहीन 2-0-31-1, सईम 4-0-25-3, अबरार 3-0-38-0, शादाब 1-0-17-0, नवाज 4-0-28-0, तारिक 4-0-24-1

**पाक-114/10 (18)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साहिबजादा का रिंकू बो पंड्या | 00 |
| सईम पगबाधा बो बुमराह | 06 |
| सलमान का पंड्या बो बुमराह | 04 |
| बाबर आजम बो अक्षर | 05 |
| उस्मान स्टं इशान बो अक्षर | 44 |
| शादाब खान का दुबे बो तिलक | 14 |
| मोहम्मद का दुबे बो कुलदीप | 04 |
| फहीम का रिंकू बो चक्रवर्ती | 10 |
| शाहीन शाह अफरीदी नाबाद | 23 |
| अबरार पगबाधा बो चक्रवर्ती | 00 |
| उस्मान तारिक बो पंड्या | 00 |

अतिरिक्त: 04

कुल:18 ओवर में सभी विकेट: 114 रन

विकेट पतन: 1-0, 2-6, 3-13, 4-34, 5-73, 6-78, 7-78, 8-97, 9-97

गेंदबाजी: पंड्या 3-1-16-2, बुमराह 2-0-17-2, अक्षर 4-0-29-2, चक्रवर्ती 3-0-17-2, कुलदीप 3-0-14-1, तिलक 2-0-11-1, रिंकू 1-0-9-0

## वेस्टइंडीज की तीसरी जीत, सुपर-8 में प्रवेश

- होप का अर्धशतक, नेपाली टीम खिताबी रेस से बाहर
- नेपाल को 9 विकेट से दी शिकस्त



एजेंसी ⏭ मुंबई

वेस्टइंडीज ने नेपाल के खिलाफ रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप के 25वें मुकाबले को 9 विकेट से अपने नाम किया। टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप-सी में मौजूद वेस्टइंडीज ने सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं, लगातार तीन हार के साथ नेपाल की टीम खिताबी रेस से बाहर हो गई है। वेस्टइंडीज अपना अगला मैच 19 फरवरी को इटली के खिलाफ खेलेगी, जबकि नेपाल 17 फरवरी को स्कॉटलैंड के विरुद्ध मुकाबले के साथ अपने अभियान का समापन करेगी।



## अमेरिका ने नामीबिया को हराया, कृष्णमूर्ति और मोनांक ने खेली अर्धशतकीय पारी

**चेन्नई।** संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 68) और कप्तान मोनांक पटेल (52) की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका ने टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में नामीबिया को 31 रन से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को कायम रखा है। लगातार दो जीत के साथ अमेरिका ने ग्रुप चरण को चार अंकों के साथ समाप्त किया और भारत और पाकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर है। भारत और पाकिस्तान में से किसी के उलटफेर का शिकार होने पर वह सुपर आठ में पहुंच सकता है।

## खबर संक्षेप



### ईशान किशन जयपुर की मॉडल से शादी करेंगे

**पटना।** टीम इंडिया के ओपनर और बिहार के रहने वाले ईशान किशन की शादी की चर्चा आई है। ईशान के दादा अनुराग पांडेय ने उनकी गर्लफ्रेंड का नाम बताया है। जिसके बाद ईशान के जयपुर की मॉडल अदिति हुंडिया के साथ अफेयर की पुष्टि हो गई है। उन्होंने कहा कि ईशान जिससे भी शादी करेगा मुझे स्वीकार है।

### केन ने रचा इतिहास ठोका 500वां गोल

**बर्लिन।** इंग्लैंड के स्टार फुटबॉलर हैरी केन ने बायर्न म्यूनिख की तरफ से दो गोल करके अपने देश और



विभिन्न क्लबों की तरफ से 500 गोल करने की उपलब्धि हासिल की। केन ने अपने दो गोल में से एक गोल पेनल्टी पर किया। यह पेनल्टी पर किया गया उनका 100वां था। केन के दो गोल की मदद से बायर्न ने वेर्डर ब्रेमेन पर 3-0 से जीत हासिल करके बुंडेसलिगा में अपनी छह अंकों की बढ़त बरकरार रखी। केन ने मैच के बाद कहा, 'अच्छा लग रहा है।

### मिश्रित युगल में उप विजेता रहे हरमीत और यशस्विनी



**चेन्नई।** भारत के हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई टेबल टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल फाइनल में एडवर्ड इओनेस्कु और बर्नाडेट जोक्स की रोमानिया की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ शिकस्त के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। हरमीत और यशस्विनी की जोड़ी को 0-3 (9-11, 2-11, 8-11) से शिकस्त का सामना करना पड़ा। यह इस डब्ल्यूटीटी प्रतियोगिता के चार सत्र में किसी भारतीय जोड़ी का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। इस बीच चेक गणराज्य के लुबोमिर यानकारिक ने प्रतियोगिता में अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए कोरिया के पार्क गंगहियोन को 3-2 (13-15, 11-7, 5-11, 11-7, 11-9) से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनकी भिड़ंत फ्रांस के पांचवें वरीय थिबॉल्ट पोरेट से होगी।

## महिला टी-20: ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत ने बनाई बढ़त घातक गेंदबाजी कर अरुंधती बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

एजेंसी ⏭ सिडनी

तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी की शानदार गेंदबाजी से भारत ने वर्षा से प्रभावित पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) पद्धति के तहत 21 रन से हरा दिया।

अरुंधति (22 रन पर चार विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट) और श्री चरणी (14 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया की टीम 18 ओवर में 133 रन पर ढेर हो गई। भारत ने इसके जवाब में जब उप कप्तान स्मृति मंधाना (17 गेंद में नाबाद 16) और जेमिमा रोड्रिग्स (तीन गेंद में नाबाद नौ) की पारियों से 5.1 ओवर में 50 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा, जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। भारत को इसके बाद विजेता घोषित किया गया क्योंकि 5.1 ओवर के बाद डीएलएस के तहत बराबरी का स्कोर 29 रन था। भारत ने एकमात्र विकेट शेफाली वर्मा (11 गेंद में 21 रन) के रूप में गंवाया, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान सोफी मोलिन्यु की गेंद पर अपना विकेट गंवाया।



### ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट 12 रन के अंदर गंवाए

टॉस भारत ने जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 27 के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाजों का विकेट खो दिया था। तीसरे विकेट के लिए फोएबे लिचफिल्ड और एलिसे पेरी के बीच 41 रन की साझेदारी हुई। 68 के स्कोर पर पेरी (20 रन) का विकेट गिरा। इसके बाद विकेटों के लगातार गिरने का सिलसिला जारी रहा। पूरी टीम 18 ओवर में 133 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी 5 विकेट मात्र 12 रन के अंदर गंवा दिए। जॉर्जिया वॉरहेम ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। अरुंधती रेड्डी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।



## राहुल ने लगाया बैक-टू-बैक शतक खेली 141 रन की पारी, पडीक्कल की सेंचुरी

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल:** उत्तराखंड के खिलाफ कर्नाटक ने पहले दिन बनाए 355/2 रन



एजेंसी ⏭ लखनऊ

कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल मुकाबला लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। केएल राहुल और कप्तान देवदत्त पड्डिकल के शतक की बदौलत कर्नाटक पहले दिन की समाप्ति के समय मजबूत स्थिति में आ गया है।

उत्तराखंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कर्नाटक को 18 के स्कोर पर मयंक अग्रवाल के रूप में बड़ा झटका लगा। मयंक 5 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केएल राहुल और देवदत्त पड्डिकल ने पारी को संभाल लिया। राहुल और पड्डिकल ने दूसरे विकेट के लिए 278 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूती दी।

### राहुल का लगातार दूसरा शतक

राहुल ने लगातार दूसरा शतक लगाया। क्वार्टर फाइनल में शतक लगाने वाले राहुल ने 211 गेंदों पर 11 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 141 रन की पारी खेली। राहुल का हौसला बढ़ाने के लिए सुनील शेट्टी और अहान शेट्टी भी दर्शक दीर्घा में मौजूद थे। राहुल की पारी आदित्य रावत ने अपनी ही गेंद पर कैच लेकर समाप्त की। कप्तान देवदत्त पड्डिकल 236 गेंद पर 2 छक्कों और 16 चौकों की मदद से 148 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ करुण नायर 65 गेंद पर 5 चौकों और 1 छक्कों की मदद से 37 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों के बीच 59 रन की साझेदारी हो चुकी है। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय कर्नाटक ने 2 विकेट के नुकसान पर 355 रन बना लिए। बता दें कि उत्तराखंड पहली बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइल में पहुंची है, जबकि कर्नाटक 8 बार खिताब जीत चुकी है।

### घर लौटे न्यूजीलैंड के गेंदबाज फर्ग्यूसन, नहीं खेलेंगे कनाडा के खिलाफ

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन अपने पहले बच्चे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए रविवार को स्वदेश लौटेंगे और इस कारण से टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में कनाडा के खिलाफ टीम के अंतिम लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि फर्ग्यूसन को टीम में बनाए रखने की योजना है ताकि टीम के सुपर आठ में पहुंचने पर उनकी सेवाओं का उपयोग किया जा सके। न्यूजीलैंड ने अपने पहले दोनों मैच में जीत हासिल की थी लेकिन उसे शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। वह अपना अंतिम लीग मैच मंगलवार को चेन्नई में कनाडा के खिलाफ खेलेगा। वाल्टर ने कहा, 'यह लॉकी और एम्मा के लिए बेहद रोमांचक समय है और हमें खुशी है कि वह इतने खास मौके पर घर पर मौजूद रहेंगे।

**टेरेगा ओपन पॉ पाइरेनीज: एटीपी चैलेंजर में इंडो-ऑस्ट्रियाई जोड़ी का शानदार प्रदर्शन**

## बालाजी-ओबरलाइटनर ने जीता मेंस डबल्स का खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के एन. श्रीराम बालाजी और ऑस्ट्रिया के नील ओबरलाइटनर ने फ्रांस के पॉ में टेरेगा ओपन पॉ पाइरेनीज में मेंस डबल्स टाइटल जीतकर एटीपी चैलेंजर सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एटीपी चैलेंजर 125 इवेंट में टॉप सीड के तौर पर मुकाबला कर रही इंडो-ऑस्ट्रियाई जोड़ी ने दूसरे सीड जैकब पॉल और मातेज वोसेल को 77 मिनट तक चले एक रोमांचक फाइनल में 6-1, 3-6, 13-11 से हराया। मैच का फैसला सुपर टाई-ब्रेक में हुआ, जब दोनों टीमों ने एक-एक सेट जीता।

### मुकाबले की शुरुआत में बनाया कंट्रोल

बालाजी-ओबरलाइटनर की जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए मुकाबले की शुरुआत में ही कंट्रोल बना लिया। उन्होंने शुरुआती सेट में अपने विरोधियों की कई बार सर्विस तोड़ी और आराम से 6-1 से स्कोर पक्का कर लिया, जिसमें उन्होंने तेज रिटर्न और असरदार नेट प्ले दिखाया। लेकिन, दूसरे सेट में मोमेंटम बदल गया। दोनों टीमें 3-3 से बराबर थीं और स्विस-चेक जोड़ी ने अहम मौकों का फायदा उठाकर मैच को निर्णायक सुपर टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया।

### मुकाबले का आखिरी दौर तनावपूर्ण

मुकाबले का आखिरी दौर तनावपूर्ण रहा। बालाजी और ओबरलाइटनर टाई-ब्रेक में 4-1 से आगे हो गए, लेकिन पॉल और वोसेल ने वापसी की और 10-9 पर एक मैच प्वाइंट भी हासिल किया। दबाव में धैर्य दिखाते हुए, टॉप सीड जोड़ी ने मैच प्वाइंट बचाया और आखिरकार अपना तीसरा मौका भुनाकर टाइटल जीत लिया। यह जीत 2026 में पार्टनरशिप के तौर पर उनका तीसरा एटीपी चैलेंजर क्राउन है।



इस जोड़ी ने बैंकॉक में नॉनथाबुरी चैलेंजर टू और मनामा में बहरीन ओपन में जीत के साथ अपने सीजन की शुरुआत की थी।

### बालाजी और ओबरलाइटनर पूरे हफ्ते रहे हावी

पाऊ में, बालाजी और ओबरलाइटनर पूरे हफ्ते हावी रहे। वे सेमीफाइनल में अमेरिकी मार्टिन डैम और चेक खिलाड़ी माइकल व्रबेंस्की को 7-5, 7-6(1) से हराकर फाइनल में पहुंचे, इससे पहले उन्होंने शुरुआती राउंड में बिना सीड वाले विरोधियों को हराया था। इस सीजन में पहले ही तीन चैलेंजर टाइटल जीत चुके इंडो-ऑस्ट्रियाई जोड़ी इंटरनेशनल सर्किट पर आने वाले टूर्नामेंट में अपनी इस लय को बनाए रखने के लिए अच्छी स्थिति में दिख रही है।

**वीमेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स**

## पाकिस्तान 93 रन पर ढेर, इंडिया 'ए' ने 8 विकेट से दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी ⏭ बैंकॉक

कप्तान राधा यादव की शानदार स्पिन गेंदबाजी के बाद दिनेश वृंदा के तूफानी नाबाद अर्धशतक की बदौलत भारत 'ए' ने महिला 'एशिया कप राइजिंग स्टार्स' में पाकिस्तान 'ए' को 59 गेंद शेष रहते 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत 'ए' महिला टीम की यह टूर्नामेंट में पहली जीत है। टीम को शुक्रवार को पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) महिला टीम से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान 'ए' पर जीत के साथ भारत 'ए' महिला टीम ग्रुप ए में यूएई के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

### राधा यादव ने की शानदार स्पिन



### नो हैंडशेक की नीति जारी

वहीं मैच के दौरान पाकिस्तानी टीम की खिलाड़ी हाथ मिलाने को देखती रहीं। टीम इंडिया की प्लेयर्स ने नो हैंडशेक की नीति को जारी रखा।

### स्पिनरों की सटीक गेंदबाजी, नहीं टीके पाकिस्तानी

भारत 'ए' के स्पिनरों ने अपनी सटीक गेंदबाजी से आपस में पांच विकेट साझा कर पाकिस्तान को दबाव में डाल दिया । पाकिस्तान की टीम 18.5 ओवर में महज 93 रन पर आउट हो गई। राधा (तीन ओवर में 11 रन पर दो विकेट) ने दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर आक्रमण की अगुवाई की, वहीं प्रेमा रावत (तीन ओवर में 16 रन पर दो विकेट) और मिन्नू मणि (2.5 ओवर में 10 रन पर एक विकेट) ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के बल्लेबाज कोई साझेदारी नहीं बना सकें। तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवरों में सिर्फ 14 रन देकर दो विकेट लिए।

## अर्जेंटीना ने एफआईएच प्रो-लीग के मुकाबले में भारत को 4-2 से हराया


**राउरकेला।** भारतीय हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिसे रविवार को यहां राउरकेला चरण के अंतिम मुकाबले में अर्जेंटीना ने 4-2 से हराया। इस मुकाबले में भी टीम की पुरानी कमजोरियां उभरकर सामने आईं। अर्जेंटीना की ओर से तादेओ मार्कुची (28 वां मिनट, 49 वां मिनट) ने दो गोल दागे, जबकि टोमास दोमेने (18 वां मिनट) और लूसियो मेंडेज (43 वां मिनट) ने भी अहम योगदान दिया। भारत के लिए बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में आदित्य लालेज (50 वां मिनट) और संजय (59 वां मिनट) ने गोल किए। टीम को कुछ दिन पहले अर्जेंटीना के हाथों 0-8 की करारी हार कर सामना करना पड़ा था।






- नेपाल में भारत से पहुंचे 3000 नागा साधुओं ने की साधना
- फिजी में तीन दिन तक चलते हुए अनुष्ठान और उत्सव





**नई दिल्ली।** महाशिवरात्रि पर सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में बम बम भोले की गूंज सुनाई देने लगी है। श्रीलंका, इंडोनिशिया,फिजी जैसे कई देश हैं जहां बड़ी धूमधाम के साथ भगवान शिव की बारात निकाली गई और लाखों की संख्या में भक्त एकत्रित हुए।

# पहली पत्नी के रहते चूड़ी पहनाकर दूसरी मान्य नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पारिवारिक कानून और उत्तराधिकार को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि पहली शादी के रहते सिर्फ चूड़ी प्रथा के आधार पर की गई दूसरी शादी को कानूनी मान्यता नहीं मिल सकती और ऐसी स्थिति में दूसरी पत्नी या उसकी संतान का संपत्ति में कोई हक नहीं होगा। जस्टिस बिभू दत्ता गुरु की सिंगल बेंच ने हिंदू विवाह अधिनियम 1955 का हवाला देते हुए कहा कि जीवित जीवनसाथी के रहते किया गया।

### कानूनी वारिस पर कही यह बात

इस दौरान हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पटवारी या राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने से कोई कानूनी वारिस नहीं बन जाता। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के साल 2002 के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि सगनूराम की संपत्ति पर अधिकार केवल पहली पत्नी की संतान का ही होगा।

यूजीसी ने जारी किया आंकड़े

# 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' की नियुक्ति में तमिलनाडु अव्वल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तमिलनाडु कक्षाओं में वास्तविक दुनिया के अनुभव प्रदान करने के लिए अपने उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्योग विशेषज्ञों को 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' के रूप में नियुक्त करने के मामले में सबसे आगे है। यूजीसी के आंकड़ों से यह बात सामने आई है। आंकड़ों के मुताबिक, 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' की नियुक्ति के मामले में महाराष्ट्र दूसरे और गुजरात तीसरे स्थान पर है।


### इन राज्यों में इतनी नियुक्तियां

आंकड़ों के मुताबिक, तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 395 पीओपी की नियुक्ति की गई है, जिसके बाद महाराष्ट्र (193), गुजरात (179) और कर्नाटक (170) का स्थान आता है। आंकड़ों पर गौर करें तो अकादमिक कार्यबल में उद्योग जगत के पेशेवरों की नियुक्ति के मामले में निजी विश्वविद्यालय (715) सबसे आगे हैं, जबकि केंद्रीय विश्वविद्यालयों ने अब तक केवल 15 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' नियुक्त किए हैं।

जर्मनी के इवेंट में जाने से रोका

# पाकिस्तान की भारी बेइज्जती, असीम मुनीर को रोका, मांगा आईडी कार्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पाकिस्तान आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर की इंटरनेशनल लेवल पर भारी बेइज्जती हुई है। जर्मनी के म्यूनिख में एक इवेंट में सिक्योरिटी ऑफिसर ने असीम मुनीर को उनके आइडेंटिटी कार्ड की वजह से रोका। फील्ड मार्शल असीम मुनीर और उनकी टीम म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए जर्मनी गए थे। यहां मुनीर को एंट्री करने से पहले उनका आईडी कार्ड मांगा गया। म्यूनिख में चल रहे इवेंट में जब पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर अंदर जा रहे होते हैं, तब एक सिक्योरिटी गार्ड उनसे आइडेंटिटी कार्ड सीधा करने के लिए कहती है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जर्मनी के एक सिंधी पॉलिटिकल ऑर्गनाइजेशन, जय सिंध मुत्ताहिदा महाज ने म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में मुनीर के शामिल होने पर कड़ी आपत्ति जताई है।

## खबर संक्षेप

### ताइवान पर सैन्य हस्तक्षेप से पीछे हटा पेंटागन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग 'पेंटागन' ने अपनी नई राष्ट्रीय रक्षा रणनीति जारी की है, जो चीन के प्रति अमेरिकी दृष्टिकोण में बड़े बदलाव का संकेत देती है। इस नई नीति में चीन को अब सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। सबसे अहम बदलाव ताइवान को लेकर है। ताइवान पर चीनी हमले की स्थिति में अमेरिकी सेना सीधे युद्ध में शामिल नहीं होगी। अमेरिका केवल हथियार, प्रशिक्षण और रणनीतिक सहयोग तक सीमित रहेगा। 'शक्ति से रोकना, टकराव से नहीं' का सिद्धांत पर आधारित होगा।

### जिनेवा में यूएस-ईरान वार्ता का दूसरा दौर

**जिनेवा (एजेंसी)।** स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान और अमेरिका अगले हफ्ते तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर दूसरे दौर की बातचीत करेंगे। स्विट्जरलैंड के मंत्रालय ने बताया कि ओमान ने छह फरवरी को अप्रत्यक्ष वार्ता के पहले दौर की मेजबानी की थी और अब वह वार्ता का आयोजन जिनेवा में करेगा। उसने वार्ता की तारीखों का उल्लेख नहीं किया। पहली बातचीत के बाद ट्रंप ने तेहरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि कोई समझौता नहीं हुआ तो इसके परिणाम "बेहद गंभीर और दर्दनाक" होंगे। ट्रंप कई बार धमकी दे चुके हैं कि अगर ईरान परमाणु कार्यक्रम को बंद करने पर राजी नहीं हुआ तो वह बल प्रयोग करेंगे।

## समिट में तीन सूत्रों पर होगा मंथन लोग, पृथ्वी और प्रगति

# दिल्ली में आज से शुरू हो रहा टेक वर्ल्ड का सबसे बड़ा समिट, इसमें 7 देशों के राष्ट्रपति, 9 पीएम होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में आज यानी 16 फरवरी से एआई इम्पैक्ट समिट शुरू हो रहा है, जिसमें पूरी दुनिया से कई जानी मानी हस्तियां, टेक कंपनियों के सीईओ एवं देशों के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा लेंगे। भारत मंडपम में 5 दिन चलने वाले इस इवेंट में करीब 2 लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। एआई इम्पैक्ट समिट टेक्नोलॉजी वर्ल्ड का सबसे बड़ा इवेंट है, जिसकी मेजबानी भारत कर रहा है।

> भारत मंडपम में 5 दिन चलने वाले इस इवेंट में करीब 2 लाख लोगों के शामिल होंगे

> 10000 पुलिस जवानों की इवेंट और मेहमानों की सुरक्षा में तैनाती की गई है

**20 से ज्यादा देशों के नेता और 45 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधिमंडल आएंगे**



नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम

### समिट में क्या करेंगे मेहमान और एक्सपर्ट?

समिट 3 सूत्रों प्यूपल, प्लानेट प्रोग्रेस यानी लोग, पृथ्वी, प्रगति पर आधारित होगा। समिट में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर परस्पर सहयोग की संभावनाओं को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। एआई प्लेटफॉर्म को एक दूसरे के लिए किफायती बनाने, इस्तेमाल करने के लिए आसान बनाने, इसके भविष्य, विकास और पृथ्वी की रक्षा करने में इसके इस्तेमाल पर मंथन किया जाएगा। दुनियाभर के टेक इंजीनियर, पॉलिसी क्रिएटर्स, इनोवेटर और एक्सपर्ट एआई के भविष्य की संभावनाएं तलाशेंगे।

यूएन चीफ गुतारेस ने माना भारत का लोहा

# एआई समिट से पहले कहा- भारत वैश्विक मामलों में प्रभाव रखने वाला





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि भारत वैश्विक मामलों में प्रभाव रखने वाली एक बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था है और यह एआई शिखर सम्मेलन के लिए उपयुक्त स्थान है। इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष साक्षात्कार में गुतारेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम मेधा (एआई) से पूरी दुनिया को लाभ होना चाहिए, न कि यह केवल विकसित देशों या दो महाशक्तियों के लिए आरक्षित विशेषाधिकार हो। यह उच्च स्तरीय कार्यक्रम 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला है जो ग्लोबल साउथ के किसी देश में आयोजित होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा और यह लोग, धरती और प्रगति के तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है। गुतारेस ने कहा, मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत को हार्दिक बधाई देता हूं। यह अत्यंत आवश्यक है कि एआई का विकास हर किसी के लाभ के लिए हो और 'ग्लोबल साउथ' के देश भी एआई के लाभ का हिस्सा बनें।

**अमेरिका-चीन को दिखाया आइना**

# भारत नहीं खरीदेगा रूसी तेलः रुबियो दबाव में फैसले नहीं करतेः जयशंकर

**नई दिल्ली।** रूस से तेल खरीद को लेकर भारत और अमेरिका के बीच मतभेद एक बार फिर सामने आए हैं। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दावा किया कि भारत ने वॉशिंगटन को भरोसा दिया है कि वह रूस से अतिरिक्त तेल नहीं खरीदेगा। रुबियो ने 14 फरवरी को रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की ओर से यह आश्वासन दिया गया है कि नए तेल सौदे नहीं किए जाएंगे, हालांकि मौजूदा ऑर्डर प्रक्रिया में बने रहेंगे। इस संबंध में अंतिम निर्णय अभी नहीं हुआ है। इस बयान पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसी सम्मेलन के अगले सत्र में जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल से कहा कि भारत किसी भी तरह के बाहरी दबाव में फैसले नहीं करता।



## 'मिजोरम' में एचआईवी का बढ़ा खतरा राष्ट्रीय औसत से 13 गुना अधिक मामले

**नई दिल्ली।** भारत का पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम इस समय एचआईवी संक्रमण के गंभीर संकट से जूझ रहा है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री लालरिनपुई के अनुसार, यहां संक्रमण की दर राष्ट्रीय औसत से 13 गुना अधिक दर्ज की गई है। जहाँ देश में एचआईवी की औसत व्यापकता दर 0.2% है, वहीं मिजोरम में यह बढ़कर 2.74% तक पहुँच गई है। आंकड़ों के अनुसार, राज्य में बढ़ते मामलों का सबसे बड़ा कारण असुरक्षित यौन संबंध हैं, जो कुल मामलों का लगभग 70% हिस्सा हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने इसे सामाजिक और नैतिक मूल्यों के लिए चुनौती बताते हुए युवाओं से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सावधानी और सुरक्षा उपायों के जरिए इस संक्रमण को काफी हद तक रोका जा सकता था।

## आधार में फोटो के साथ दिखेगा क्यूआर कोड!



**नई दिल्ली।** आधार कार्ड के मिसयूज होने का टेंशन खत्म हो जाएगा। ऐसी खबरें है कि आधार कार्ड डिटेल्स की चोरी रोकने के लिए सरकार आधार कार्ड का डिजाइन बदलने जा रही है। नए आधार ऐप के लॉन्च के बाद, यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल रोकने के लिए इसमें बड़े बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अपडेटेड आधार कार्ड पर सिर्फ कार्ड होल्डर की फोटो और एक क्यूआर कोड दिखेगा। इस कदम का मकसद आधार कार्ड की फोटोकॉपी का गलत इस्तेमाल रोकना है, जिसमें सेंसिटिव पर्सनल जानकारी होती है। खबर है कि इस बड़े बदलाव की तैयारी पिछले साल से ही चल रही है। यूआईडीएआई ने हाल ही में अपने नए आधार ऐप का फुल वर्जन लॉन्च किया है। यह ऐप कार्डहोल्डर्स को कई ऐसी सर्विसेज देता है जिनके लिए पहले आधार सेंटर जाना पड़ता था। यूजर्स अब ऐप के जरिए सीधे अपना मोबाइल नंबर, पता और दूसरी डिटेल्स अपडेट कर सकते हैं। यह कार्ड होल्डर्स को एक क्लिक से अपने आधार बायोमेट्रिक्स को लॉक और अनलॉक करने में भी मदद करता है। यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार ने एक ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में कंफर्म किया कि फोटोकॉपी के जरिए आधार कार्ड के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए नए नियम बनाए जा रहे हैं।

### क्यूआर कोड-बेस्ड वेरिफिकेशन

प्रस्तावित बदलावों के तहत, आधार कार्ड पर क्यूआर कोड स्कैन करने से बैंकिंग, सिम जारी करने और सरकारी योजनाओं जैसी सर्विसेस के लिए वेरिफिकेशन हो सकेगा। इस सिस्टम से प्राइवेसी बढ़ने और गलत इस्तेमाल का खतरा कम होने की संभावना है।

## फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत से कई समझौते करेंगे

# भारत-फ्रांस साथ बनाएंगे हेलीकॉप्टर और हैमर बम, मैक्रों के दौरे के दौरान होगी बड़ी डिफेंस डील, बेचैन हुआ पाकिस्तान

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने किया था हैमर बम का इस्तेमाल
- दोनों देशों के बीच अगले 10 वर्षों के लिए रक्षा सहयोग पर करार होगा

> फ्रांस की एयरबस कंपनी, टाटा कंपनी के साथ एच-125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर का बेंगलुरु में साझा निर्माण करने जा रही है. इस प्लांट का मैक्रों और पीएम मोदी उद्घाटन करेंगे।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एआई समिट में शामिल होने भारत आ रहे फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (17-19 फरवरी) के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में अहम करार होने जा रहे हैं। इनमें साझा हेलीकॉप्टर के निर्माण से लेकर हैमर बम बनाना शामिल है. माना जा रहा है कि इस दौरान, मैक्रों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 114 मेक इन इंडिया राफेल फाइटर जेट को लेकर भी अहम घोषणा कर सकते हैं। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बयान जारी कर बताया कि फ्रांस (यूरोप) की एयरबस कंपनी, टाटा कंपनी के साथ एच-125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर का बेंगलुरू के करीब वेमागल (कर्नाटक) में साझा निर्माण करने जा रही है। इस प्लांट का मैक्रों और पीएम मोदी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की







रक्षा मंत्री प्लांट में मौजूद रहेंगी। इन एलयूएच हेलीकॉप्टर को भारतीय सेना के लिए बनाया जाएगा। मैक्रों के साथ भारत के दौरे पर आ रही फ्रांसीसी रक्षा मंत्री कैथरिन वातारिन,17 फरवरी को बेंगलुरु में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ हैमर बम को भारत में बनाने को लेकर होने वाले करार के दौरान भी मौजूद रहेंगी। फ्रांस की साफरान कंपनी इन हैमर बम का निर्माण करती है और इन्हें राफेल से लॉन्च किया जाता है।

### रफेल के भारत में निर्माण को मिली हरी झंडी

*रक्षा मंत्रालय की अपेक्स कमेटी, रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने गुरुवार (12 फरवरी 2026) को मेक इन इंडिया के तहत, फ्रांसीसी फाइटर जेट रफेल के भारत में निर्माण को लेकर हरी झंडी दी थी। इस डील के तहत, फ्रांस की दसॉल्ट कंपनी, किसी स्वदेशी (भारतीय) कंपनी के साथ मिलकर भारत में 114 रफाल फाइटर जेट बनाएगी। माना जा रहा है कि मैक्रों के दौरे के दौरान, दोनों देश इस मेक इन इंडिया रफाल लड़ाकू विमान को लेकर अहम घोषणा कर सकते हैं।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28